सोशल मीडिया से जुड़ें
Parivehan_Vishesh

RNI No :- DELHIN/2023/86499
DCP Licensing Number :
F.2 (P-2) Press/2023

www.newsparivahan.com

परिवहन विशेष

वर्ष 02, अंक 215, नई दिल्ली । सोमवार, 14 अक्टूबर 2024, मूल्य ₹ 5, पेज 8

देश का पहला ट्रांसपोर्ट दैनिक समाचार पत्र

आज का सुविचार

हिसाब किताब सिर्फ ऊपर वाले ने ही सही लगाया, सबको खाली हाथ भेजा और खाली हाथ बुलाया . . .

03 सोनम वांगचुक समेत 20 समर्थक हिरासत में, लद्दाख भवन के बाहर कर रहे थे प्रदर्शन

06 विदेश में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देना

08 मुख्यमंत्री मोहन माझी ने कटक में करीब 40 पूजा मंडपों का दौरा किया

दिल्ली परिवहन विभाग के स्क्रैप शाखा द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना

संजय बाटला

नई दिल्ली। दिल्ली में दिवाली पर्व के तोहफे में विशेष परिवहन आयुक्त शहजाद आलम द्वारा दिल्ली की जनता के वाहनों को फिर से पद की ताकत का प्रयोग कर **अपने प्रिय बाहरी राज्यों में पंजीकृत वाहन स्क्रैप डीलरो को सुपुर्द करने के आदेश जारी किए** यहां आपकी जानकारी हेतु बता दें इनमे वह स्क्रैप डीलर भी है जिन्हे कुछ महीने पहले ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वाहन स्क्रैप करने पर पाबंदी के आदेश जारी किए हुए हैं। अब प्रश्न यह उठता है की जो स्क्रैप डीलर वाहन की स्क्रैप सर्टिफिकेट ही जारी नही कर सकता उसको जनता के वाहन स्क्रैप करने के लिए किस आधार पर सुपुर्द करने के आदेश विशेष परिवहन आयुक्त जारी कर रहे हैं। दुसरा सबसे महत्वपूर्ण आदेश माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 22 अगस्त 2023 को WP(C) 10749/2023 के तहत जारी किया गया था जिसका इस बार शुरु हुई दिवाली की सौगात पर जारी करवाई गई ड्राइव में पूर्ण रूप से अवमानना/ दरकिनार करके सिर्फ पद के बल पर शुरु करने के आदेश जारी है।

अब दिल्ली की जनता स्वयं फ़ैसला ले की विशेष परिवहन आयुक्त परिवहन विभाग बार बार पद की शक्तियों का प्रयोग कर और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को दरकिनार करने की साथ पहले से ही भारत सरकार द्वारा ब्लैक लिस्टेड वाहन स्क्रैप डीलरो को बुला कर आपके वाहन उठवाकर क्यों और किस लिए सुपुर्द कर रहा है।



GOVT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
TRANSPORT DEPARTMENT
5/9, UNDER HILL ROAD DELHI-110054

F.NO.DC/SCRAPPING/TPT/2024/ 12278 DATE:- 20/02/24

GUIDELINES FOR HANDLING END OF LIFE VEHICLES IN PUBLIC PLACES OF DELHI, 2024

Whereas, Supreme Court in W.P.(C) 13029/1985 (MC Mehta Vs Union of India) vide order date 29.10.2018 has directed the Transport Departments of NCR, that all Diesels vehicles more than 10 years old and petrol Vehicles more than 15 years old shall not ply in terms of orders of NGT dated 07.04.2015 passed in O.A. No. 21/2014 Vardhaman Kaushik & Ors Vs Union of India.

And whereas, the Ministry of Transport and Highways has formulated the vehicle scrapping policy that includes a system of incentives/dis-incentives for creation of ecosystem to phase out older, unfit polluting vehicles across the country and to enforce provisions of the policy, the Motor Vehicle (Registration and Functions of Vehicle Scrapping Facility) Rules,2021 for establishment of Registered Vehicles Scrapping Facility (RVSF) were notified vide GSR Notification 653 (E) dated 23.09.2021 which was amended vide GSR Notification 695(E) dated 13.09.2022."

And whereas, Hon'ble High Court of Delhi vide order dated 22.08.2023 in W.P.(C) 10749/2023 in Para 21, inter-alia directed that *"As there are several vehicles which have been seized in similar circumstances, in which the owners may be willing to give undertaking as directed by this order, GNCTD is directed to frame a policy for release of such vehicles on the aforesaid undertakings by the owners and to give due publicity to the same".*

Hence, The Govt. of NCT of Delhi considers that guidelines for impounding/Seizure/Scrapping/release (with certain conditions and penalty) of End of Life Vehicles are necessary. These guidelines are also required for effective implementation of various directions of Hon'ble National Green Tribunal and for improvement of air quality in Delhi. Further, a large number of junk vehicles are found abandoned on Public Place which needs to be disposed of in an environment friendly manner.

Therefore, the "Guidelines for Handling End of Life Vehicle in Public Place 2024" in the following manner are framed which is as under:-

1. **SHORT TITLE AND APPLICATION:-**
(i) These Guidelines shall be called "Guidelines for Handling End of Life Vehicle in Public Place 2024"
(ii) These Guidelines shall be applicable in NCT of Delhi.
(iii)They shall come into force with effect from date of issuance.



7. **PROCEDURE IN RESPECT OF VEHICLES (Registered Outside Delhi-NCR)**
(i) On plying and parking of vehicles which are diesel vehicle more than 10 years old and petrol vehicle more than 15 years old in public place, and registered outside Delhi-NCR, the following procedure should be followed:
a) An undertaking from the registered owner explaining the reason of presence of such vehicle which is already banned in NCT of Delhi along with the confirmation that the vehicle will not enter into the territory of NCT of Delhi.
b) A copy of the Registration Certificate of the vehicle.
c) In the case of 4-wheeler, a penalty of Rs 10,000 shall be charged.
d) In the case of 2-wheeler, a penalty of Rs 5,000 shall be charged.
e) In case the penalty amount is not paid on the spot by the vehicle owner, the first offence shall be recorded by the Transport department in the online portal, and the vehicle will be blacklisted. It will be removed only when the challan/penalty amount is paid by the vehicle owner.
(ii) In the case of the second offence by the same vehicle, the vehicle shall be impounded and sent to the scrapping unit.

8. **IMPOUNDED VEHICLE WHICH CAN NOT BE RELEASED**
(i) Any End of Life vehicle impounded for the second time.
(ii) Transport vehicles running on diesel fuel and aged more than 10 years old.

9. **SCRAPPING OF IMPOUNDED VEHICLES:**
(i) The application for releasing of vehicle along with necessary documents should be submitted within 3-weeks of impounding of vehicle, upon which enforcement agency shall give decision within one week of such submission.
(ii) An online platform will be developed for this purpose to facilitate the process between enforcement agency, RVSFs and Vehicle owner.
(iii) The vehicle will be scrapped in three scenarios:
a) Non-submission of application for release of vehicle within 3 weeks of impounding of vehicle.
b) Rejection of application submitted for release of vehicle to the enforcement agency.
c) In case of impounding of the same vehicle for the second time along with legal proceeding under the provisions of MV Act 1988, CMVR Rules1989, DMVR Rules 1993 & its amendments and RVSF Rules 2021 & its amendments for not abiding by the undertaking.

5



10. **SCRAP VALUE OF VEHICLES:**
(i) The scrap value for end of life vehicle would be determined as 90% of the value of ferrous scrap component of the vehicle. The standard formulae to derive the percentage of ferrous scrap in End of Life vehicles could be taken at 65% of the kerb weight of the vehicle. The rate of ferrous scrap can be taken as moving average of price of steel scrap during the last three months at the time of deciding scrap price of ELVs.
(ii) All the scrap value shall be paid through digital mode only to the bank account in the name of Vehicle owner within 15 days of the vehicle accepted by the RVSF.
(iii) The vehicle for which scrap value is not claimed within the period of 15 days, the scrap value shall be deposited by the concerned RVSF in government account of the enforcement agency by way of Demand Draft/RTGS/NEFT/IMPS.

11. **APPLICABLE ACT/RULES:-**
(i) The Motor Vehicles Act, 1988 as amended from time to time
(ii) Central Motor Vehicles Rules,1989 as amended from time to time
(iii) Delhi Motor Vehicles Rule,1993 as amended from time to time
(iv) Motor Vehicle (Registration and Functions of Vehicle Scrapping Facility) Rules, 2021 and its Amendment Rules, 2022.

This issue with prior approval of Hon'ble Minister (Transport), GNCTD

SPECIAL COMMISSIONER (SCRAPPING CELL)

To,
All Concerned Stakeholders
F.NO.DC/SCRAPPING/TPT/2024/12278 DATE:- 20/02/24

Copy to:
1. OSD to Minister Transport, GNCTD, for information
2. OSD to Chief Secretary, GNCTD, for information
3. PS to Hon'ble Chairman CAQM, for information
4. PS to Secretary-cum-Commissioner, Transport Department, GNCTD for information
5. Spl. Commissioner of Traffic Police (HQ), Prakash Shastri Marg, Main Rd, towards, Inder Puri, New Delhi, Delhi 110012 for information and necessary action
6. Chairman, New Delhi Municipal Council (NDMC Head Office) Palika Kendra parliament Street, New Delhi-110001
7. Commissioner of MCD, Dr. S.P. Mukherjee Civic Center, JLN Marg, New Delhi-110002, for information and necessary action.
8. All Special Commissioner, Transport Department, GNCTD for information and necessary action.
9. Sr. System Analyst, Transport Department, GNCTD to upload on the official website of Transport Department, GNCTD.

SPECIAL COMMISSIONER (SCRAPPING CELL)

6



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा ब्लैक लिस्टेड वाहन स्क्रैप डीलरो के आदेश

No. RT-23013/12/2023-T
Government of India
Ministry of Road Transport and Highways
(Transport Section)
Transport bhawan, 1, Parliament Street, New Delhi-110001

Dated the 15th July, 2024

To
Shri S.K. Roy
DGM (CC), MSTC Ltd.
Plot no CF18/2, Street no 175,
Action Area 1C, New Town, Kolkata-700156
Email: mstcindia@mstcindia.in; hodcpmstc@mstcindia.in

Subject: Restriction on RVSFs to participate in e-auction of Govt. Vehicles-reg.

Sir,
I am directed to state that as per the detailed assessment of the compliance of RVSFs, it has been noticed that the following Registered Vehicle Scrapping Facilities (RVSFs) have not submitted the audit report for the FY 2023-24 and have not uploaded the data of a large no of scrapped Govt. vehicles on the Vahan portal:-

a) PKN Motors Scrappers Pvt. Ltd., Haryana
b) Nirvana Scrappers, Uttar Pradesh
c) Saral Auto Scraping India Pvt. Ltd., Uttar Pradesh
d) Chunk Recycling India Pvt Ltd, Haryana
e) Indian Motors, Haryana
f) Select Technical Services, Chandigarh

2. In view of the above, the Competent Authority has decided to restrict the participation of aforementioned RVSFs in the auction of Govt. Vehicles with immediate effect.

Yours faithfully,

(Yatender Kumar)
Under Secretary to the Govt of India
Tel: 011-23711472

बात सोचने और समझने की है पर दिल्ली की जनता का दुर्भाग्य है की यह बात पता नहीं क्यों

ना तो दिल्ली सरकार,
ना ही परिवहन आयुक्त
ना ही मुख्य सचिव और
ना ही उपराज्यपाल समझना चाहते हैं और विशेष परिवहन आयुक्त शहजाद आलम के द्वारा उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों को दरकिनार करने और ब्लैक लिस्टेड वाहन स्क्रैप डीलरो को जनता के वाहन सुपुर्द करते देख कर भी आंख कान और मुंह बंद कर के बैठे हैं।

कितनी जनता की हमदर्द है यह दिल्ली सरकार और कितना नियम और कानून के पक्ष में है दिल्ली के प्रशासक, साफ झलक रहा है।

खबर है कि आज दिल्ली में कुछ क्षेत्रों में वाहन उठाने गए वाहन स्क्रैप डीलर के कर्मचारियों की जनता ने मिलकर करी पिटाई और वहा से नदारद थी विशेष परिवहन आयुक्त की सरकारी फौज। 112 पर हुई काल के साथ स्क्रैप डीलर ने मदद के लिए विशेष परिवहन आयुक्त शहजाद आलम को करी गुहार।

दिल्ली में प्रदूषण से जंग की तैयारी, एमसीडी की 539 टीमें रहेंगी तैनात; कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

परिवहन विशेष न्यूज

दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एमसीडी ने तैयारी कर ली है। इसके लिए 539 टीमों का गठन किया है। ये टीमें कूड़ा जलाने पेड़-पौधों के सूखे पत्तों को जलाने मलबे और निर्माण कचरे से होने वाले प्रदूषण को रोकने का काम करेंगी। इसके साथ ही धूल से वायु प्रदूषण न हो इसके लिए भी निगम काम कर रहा है।

नईदिल्ली। वायु प्रदूषण के नियंत्रण व रोकथाम के लिए एमसीडी ने 539 टीमों का गठन किया है। यह टीम कूड़ा और पेड़-पौधे के सूखे पत्ते जलाने के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इन टीमों में 1,422 कर्मचारी और अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही मलबे और निर्माण कचरे से होने वाले प्रदूषण को रोकेंगे। इसके साथ ही निगम धूल से वायु प्रदूषण न हो, इसके लिए भी काम कर रहा है।

तीन शिफ्ट में काम करेंगी निगरानी टीमें

एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निगरानी टीमें तीन शिफ्ट में काम करेंगी। विशेषकर कचरा जलाने से रोकने के लिए सुबह और शाम को पार्कों व खाली स्थानों के आस-पास निगरानी की जाएगी।

कचरा और सूखे पेड़ पत्ते जलाने से रोकने को 312 टीमें गठित की गई है, इनमें 825 कर्मचारी लगाए गए हैं। बाकी टीमें मलबे और निर्माण से होने वाले प्रदूषण की निगरानी के साथ ही उसे रोकने का काम करेंगी।

अब तक 546 लोगों के किए गए चालान

निगम के एक अधिकारी ने बताया कि जैसे-जैसे ठंड बढ़ती है तो वैसे-वैसे कूड़ा जलाने की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। वहीं, सड़क किनारे पड़े मलबे को भी लोग इधर-उधर डाल देते हैं। इन टीमों का काम कचरा जलाने से रोकने और सड़कों के इधर-उधर डाले गए मलबे को रोकना है। उन्होंने बताया कि अभी तक कूड़ा जलाने पर 546 चालान कर दिए गए हैं।

साथ ही तय स्थान पर मलबा निस्तारण न करने पर 104 चालान किए गए हैं। भवन विभाग ने मलबा और धूल से होने वाले प्रदूषण को रोकने पर लापरवाही के लिए 4,522 चालान जारी किए हैं। अधिकारी ने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के दिशा-निर्देशों के तहत पांच हजार वर्ग मीटर से अधिक के निर्माण स्थलों पर एंटी स्मॉग गन लगा दी गई है।

निर्माण स्थलों पर नौ एंटी स्मॉग गन तैनात

यह सुनिश्चित किया गया है कि न केवल एंटी स्मॉग गन लगे बल्कि यह

संचालित भी रहें। इसके तहत सिविल लाइंस जोन में एक निर्माण स्थल 30,000 वर्ग मीटर का है। जहां पर चार एंटी स्मॉग गन तैनात की गई हैं। इसी प्रकार सिटी एसपी जोन में दो अलग-अलग निर्माण स्थलों पर नौ एंटी स्मॉग गन तैनात की गई है।

एमसीडी के 12 जोन में पांच हजार वर्ग मीटर से बड़े प्लाट पर 32 निर्माण स्थल हैं। जहां 69 मोबाइल एंटी स्माग गन और 26 एंटी स्मॉग गन तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त निगम ने अपनी तीनों लैंडफिल समय ऊंची इमारतों पर निगम ने 45 एंटी स्मॉग गन तैनात की हैं।

पंजाब-हरियाणा में पराली जलने से रोकेंगी 26 केंद्रीय टीम

सर्दी के मौसम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण का एक बड़ा कारण पराली का धुआं होता है। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाया जाना शुरू हो चुका है। इसके मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने 26 केंद्रीय टीमें गठित कर पंजाब और हरियाणा के हॉट स्पॉट वाले जिलों में तैनात की हैं।

यह टीमें जिला प्रशासन के संपर्क में रहेंगी। ताकि धान की कटाई के बाद बगैर पराली जलाए उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से बेहतर निस्तारण किया जा सके। सीएक्यूएम के अनुसार पराली का खेत में ही निस्तारण या किसी दूसरी जगह ले जाकर प्रबंधन करना होगा। इसके अलावा पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम की निगरानी व समन्वय के लिए चंडीगढ़ में एक धान पराली प्रबंधन प्रकोष्ठ का गठन होगा।

पराली जलाने की 454 घटनाएं हुई

सीएक्यूएम ने कहा है कि 15 सितंबर से नौ अक्टूबर के बीच पराली जलाने की 454 घटनाएं हुई हैं।

इसमें से 267 घटनाएं पंजाब और 187 घटनाएं हरियाणा में हुई हैं।

सीएक्यूएम ने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के सभी जिला अधिकारियों को पराली जलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार दे दिया है।

राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन अधिनियम 2021 की धारा 14 (2) के तहत कार्रवाई होगी।

दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की अपील

पैनिक बटन, स्पीड गवर्नर के लिए टैक्सीयों की फिटनेस रुकवाना, परमिट रिन्यू ना करना, नई क्रीस्टा /इनविक्टो का रजिस्ट्रेशन ना करना, 2019 से पहले की टैक्सी बसों में जबरदस्ती पैनिक बटन लगवाना जैसे मुद्दों पर प्रदर्शन। दिल्ली के सभी व्यवसायिक वाहन चालकों और मालिकों से अपील ज्यादा से ज्यादा संख्या में आये.

15 अक्टूबर मंगलवार समय 11 बजे स्थान माता सुंदरी गुरुद्वारा आई.टी.ओ. से दिल्ली सचिवालय जलूस के रूप मे जाकर प्रदर्शन करेंगे और भ्रष्टाचार का पुतला फुकेंगे. दिल्ली की मुख्य मंत्री और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

नोट :- प्रदर्शन तय करेगा BS 4 और BS 6 डीजल टैक्सी बसों का क्या होगा भविष्य ???

मोटर वाहन दुर्घटनाओं से संबंधित प्रासंगिक अनुभाग

भारतीय दंड संहिता, 1860
The Bharathya Nyaya Sanhita, 2023

आईपीसी,1860, धारा 279
बीएनएस,2023, धारा 281
सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाना या वाहन चलाना

आईपीसी,1860, धारा 337
बीएनएस, 2023, धारा 125(बी)
दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कार्य द्वारा चोट पहुंचाना

आईपीसी,1860, धारा 338
बीएनएस,2023, धारा 125(सी)
दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्य से गंभीर चोट पहुंचाना

आईपीसी, 1860, धारा 304(ए)
बीएनएस, 2023, धारा 106
लापरवाही से मौत का कारण बनना

टेंपल्स ऑफ लिबरलाइजेशन एंड वेलफेयर एलाइड ट्रस्ट (पंजीकृत)

TOLWA

website : www.tolwa.in
Email : tolwadelhi@gmail.com
bathlasanjaybathla@gmail.com

रजिस्टर्ड अंडर सैक्शन 60 विद रजिस्ट्रेशन नंबर (152/02-03-2020), एमएसएमई रजिस्ट्रेशन नंबर उद्यम -डीएल - 0026470, नीति आयोग रजिस्ट्रेशन नंबर वीओ/एनजीओ/0303274/25-01-2022 दर्पण

रजिस्टर्ड कार्यालय :- 3, प्रियदर्शिनी अपार्टमेंट, ए -4 पश्चिम विहार, न्यू दिल्ली 110063
कॉरपोरेट कार्यालय :- 529, समयपुर, मेंन बवाना रोड, नियर बैंक ऑफ़ बड़ौदा दिल्ली 110042

दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे को एलिवेटेड कराएंगे विधायक, हजारों वाहन चालकों को मिलेगा फायदा

दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए इसे एलिवेटेड बनाने की मांग उठी है। गुरुग्राम के चारों नवनिर्वाचित विधायकों ने इस मुद्दे को अपनी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रखा है। वे केंद्र सरकार से मांग करेंगे कि एक्सप्रेस-वे को गुरुग्राम-सोहना हाईवे की तरह एलिवेटेड बनाया जाए। इससे लोकल ट्रैफिक का दबाव एक्सप्रेस-वे के ऊपर नहीं रहेगा।

गुरुग्राम। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक का दबाव न दिखे इसके लिए जिले के चारों नवनिर्वाचित विधायक मिलकर काम करेंगे। उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं में इस विषय को सबसे ऊपर रखा है। वे केंद्र सरकार से मांग करेंगे कि एक्सप्रेस-वे को गुरुग्राम-सोहना हाईवे की तरह एलिवेटेड बनाया जाए। धौलाकुआं से लेकर खेड़कीदौला तक अधिक से अधिक पांच से छह एक्जिट व एंट्री ही रहे।

इससे लोकल ट्रैफिक का दबाव एक्सप्रेस-वे के ऊपर नहीं रहेगा। केंद्रीय भूतल सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इसके ऊपर काम करने की इच्छा जता चुके हैं। इससे उम्मीद है कि नवनिर्वाचित विधायकों का प्रयास तेजी से रंग लाएगा। पिछले कुछ सालों से आर्थिक नगरी के रूप में पहचान बनाने वाले गुरुग्राम का विकास प्रभावित हो रहा है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण

दिल्ली-गुरुग्राम के बीच ट्रैफिक का भारी दबाव है।

पीक आवर में रहता है ट्रैफिक का दबाव

पीक आवर के दौरान यानी सुबह आठ बजे से 11 बजे एवं शाम चार बजे से रात नौ बजे के दौरान ही नहीं बल्कि 24 घंटे दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक का दबाव रहता है। इससे दिल्ली-गुरुग्राम के बीच कारोबार प्रभावित हो रहा है। आने-जाने से पहले दस बार सोचना पड़ता है। विधानसभा चुनाव में लोगों ने प्रत्याशियों के सामने इस विषय को प्रमुखता से उठाया था।

सत्ता व विपक्ष दोनों तरफ के प्रत्याशियों ने भी लोगों को भरोसा दिलाया था वे इसके ऊपर काम करेंगे। चुनाव जीतने के साथ ही चारों नवनिर्वाचित विधायकों गुड़गांव से मुकेश शर्मा, बादशाहपुर से राव नरबीर सिंह, सोहना से तेजपाल तंवर एवं पटौदी से बिमला चौधरी ने संकल्प व्यक्त किया है कि दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे को एलिवेटेड कराने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

प्रदेश सरकार की ओर से भी केंद्र सरकार को आग्रह किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर वे लोग केंद्रीय भूतल सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक से मुलाकात करेंगे। दैनिक जागरण से बातचीत में उन्होंने कहा कि एलिवेटेड करने से लोकल ट्रैफिक का दबाव नहीं एक्सप्रेस-वे पर नहीं दिखाई देगा। धौलाकुआं से गुरुग्राम के बीच एक्सप्रेस-वे पर अधिक से पांच से छह एग्जिट व एंट्री प्वाइंट ही होना चाहिए।

नवनिर्वाचित विधायकों की अन्य प्राथमिकताएं

नवनिर्वाचित विधायक जलभराव से निजात दिलाने के लिए नालों की चौड़ाई बढ़ाने पर जोर देंगे। साथ ही सभी पार्कों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित कराने पर जोर देंगे।

मानसून से पहले नालों की सफाई बेहतर तरीके से हो, इसके लिए जिम्मेदारी तय की जाएगी। सड़कों में कहीं भी गड्ढे न दिखाई दे, इसके लिए ऐसी टीमें तैयार कराई जाएंगी जो रात में निर्माण सामग्री के साथ राउंड लगाएंगी। जहां भी गड्ढा दिखाई देगा, उसे टीम भर देगी।

मानेसर व सोहना तक होगा मेट्रो का विस्तार

प्रदूषण की समस्या को दूर करने के लिए मेट्रो का विस्तार कराने पर जोर देंगे। उनका मानना है कि मेट्रो के विस्तार से सड़कों पर से वाहनों का दबाव कम होगा। वाहनों का दबाव कम होने से प्रदूषण का स्तर कम होगा। पुराने गुरुग्राम ही नहीं बल्कि मानेसर एवं सोहना तक मेट्रो का विस्तार कराया जाएगा। जिले में चार अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नागरिक अस्पताल बनवाने पर जोर दिया जाएगा, जिससे प्राइवेट अस्पतालों में आम लोगों को न जाना पड़े। साइबर सिटी की अधिकतर सड़कों को एलिवेटेड कराने पर जोर दिया जाएगा।

चारों सीट पर दूसरी बार खिला है कमल

जिले के चारों सीटों गुड़गांव, बादशाहपुर, सोहना एवं पटौदी पर वर्ष 2014 के बाद दूसरी बार एक साथ कमल खिला है। गुड़गांव से मुकेश शर्मा, बादशाहपुर से पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, सोहना से पूर्व विधायक तेजपाल तंवर एवं पटौदी से पूर्व विधायक बिमला चौधरी विजयी हुई हैं। विपक्ष द्वारा स्थानीय समस्याएं बढ़-चढ़कर उठाने के बाद भी जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है। इससे नवनिर्वाचित विधायकों के सामने बेहतर करने की चुनौती है।

बेहतर गट हेल्थ के लिए इन 4 आसान आदतो को अपनाएं, फॉलो करें ये टिप्स

अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहतर गट हेल्थ होना काफी जरुरी है। अगर आप इन 4 आदतों को अपनाते है तो गट हेल्थ में सुधर हो जाएगा। आप भी अपने हेल्दी और फिट बॉडी के लिए फॉलो करें ये टिप्स। अगर आप रोजाना इन आदतों को फॉलो करते हैं, तो आपका गट हेल्थ में खुद सुधार होगा।

जिन लोगों का पेट सही तरीके से साफ नहीं होता वे दिनभर में बार-बार वॉशरुम जाते हैं। खराब पेट के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। इससे बचने के लिए गेट हेल्थ को ठीक करना काफी जरुरी है। इसके लिए आप कुछ आदतों को अपना सकते हैं। अगर आप रोजाना इन आदतों को फॉलो करते हैं, तो आपका गट हेल्थ में खुद सुधार होगा। आइए जानते हैं बेहतर गट हेल्थ के लिए किन आदतों को फॉलो करें।

सुबह पानी पिएं

रोजाना सुबह के समय सबसे पहले एक ग्लास पानी पीने की रुटीन में शामिल करें। ऐसा करने से पाचन संबंधित समस्याएं ठीक होती है और पेट भी साफ रहता है। जब आप सुबह उठे तो सबसे पहले पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने के साथ आपको हाइड्रेटेड रखने में मदद करते है। खराब पाचन और कब्ज की समस्या को दूर करता है।

फिजिकल एक्टिविटी करें

अच्छी गट हेल्थ के लिए दिन की शुरुआत के लिए आप एक्सरसाइज करें। अगर आप सुबह जल्दी नहीं उठ पाते तो आपको सुबह मुश्किल काम करने की बजाय। अपने दिन की शुरुआत करने के लिए अपने पेट के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग, स्ट्रेचिंग या टहलने जैसी हल्की एक्टिविटीज जरुर करें।

बेहतर नाश्ते का विकल्प

आपको सुबह नाश्ता करना काफी जरुरी है। यह आपके पेट को स्वास्थ्य को बूस्ट करने का एक शानदार तरीका है। ब्रेकफास्ट में पौष्टिक आहार जरुर शामिल करें। आप अपने नाश्ते में ओट्स को शामिल कर सकते हैं, जिसके ऊपर आप फल, मेवे और बीज को मिक्स कर सकते हैं। यह आपके पेट के माइक्रोब्स को स्वस्थ और खुश रखने के लिए अच्छा है।

तनाव कम लें

अगर आप स्ट्रेस लेते हैं तो गट और ब्रेन के कनेक्शन के कारण पेट खराब होने की दिक्कतें हो सकती हैं। तनाव का हमारे पेट के स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। इससे वेगस तंत्रिका पर प्रभाव पड़ता है जो हमारे दिमाग से हमारे पाचन तंत्र तक चलती है। दिन की शुरुआत कुछ रिलेक्सिंग करें। इसमें ध्यान और छोटा योग सेशन कर सकते हैं।

करवाचौथ पर दिखना है चांद सा खूबसूरत, तो ना करें ये मेकअप मिसटेक्स

कई बार यह देखने में आता है कि करवाचौथ पर मेकअप करते हुए महिलाएं सीधे ही मेकअप प्रोडक्ट्स अप्लाई करना शुरू कर देती है। लेकिन आपको यह समझना चाहिए कि आपका मेकअप उतना ही अच्छा लगेगा, जितनी आपकी स्किन अंदर से अच्छी लगेगी।–

करवाचौथ किसी भी सुहागन स्त्री के लिए साल का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस खास दिन पत्नी अपने पति की लंबी आयु व उसकी सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखती है। इस दिन हर सुहागन स्त्री विशेष रूप से तैयार होती है। वह दुनिया में सबसे अधिक खूबसूरत दिखना चाहती है और इसलिए वे मेकअप का सहारा लेती हैं। मेकअप के जरिए वे अपनी नेचुरल ब्यूटी को कई गुना बढ़ाना चाहती है। हालांकि, यह देखने में आता है कि करवाचौथ पर मेकअप करते समय अक्सर वे कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठती हैं, जिससे उनका पूरा लुक बिगड़ जाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको करवाचौथ पर मेकअप करते समय की जाने वाली कुछ आम गलतियों के बारे में बता रहे हैं-

स्किनकेयर को अनदेखा करना

कई बार यह देखने में आता है कि करवाचौथ पर मेकअप करते हुए महिलाएं सीधे ही मेकअप प्रोडक्ट्स अप्लाई करना शुरू कर देती है। लेकिन आपको यह समझना चाहिए कि आपका मेकअप उतना ही अच्छा लगेगा, जितनी आपकी स्किन अंदर से अच्छी लगेगी। इसलिए, मेकअप शुरू करने से पहले मॉइश्चराइज़र व प्राइमर का इस्तेमाल करें। ऐसा न करने से स्किन रूखी हो सकती है या बेस असमान हो सकता है।

फाउंडेशन का ज़्यादा इस्तेमाल करना

कभी भी करवाचौथ मेकअप करते हुए आपको फाउंडेशन का ज़्यादा इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसके बजाय, लाइट से मीडियम कवरेज वाला फाउंडेशन इस्तेमाल करें। इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें और नेचुरल फ़िनिश के लिए हमेशा अपने फाउंडेशन को अपनी गर्दन से मैच करें।

मेकअप सेट न करना

मेकअप करने के बाद उसे सेट करना भी उतना ही जरूरी है। सेटिंग पाउडर या स्प्रे न लगाने से आपका मेकअप जल्दी से खराब हो सकता है या फीका पड़ सकता है। इसलिए, कोशिश करें कि आप अपना फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद, अपने टी-ज़ोन पर हल्का ट्रांसलूसेंट पाउडर छिड़कें और फिर इसे लॉन्ग लास्टिंग बनाने के लिए सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें।

हाइलाइटर का बहुत ज़्यादा इस्तेमाल करना

यह सच है कि करवाचौथ पर हर महिला शाइन करना चाहती हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप जरूरत से ज्यादा हाइलाइटर का इस्तेमाल करने लगे। इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। आप इसे अपने चेहरे के ऊपरी हिस्सों- चीकबोन्स, नोज ब्रिज व क्यूपिड बो पर लगाएं।

दिवाली पर जलाएं गाय के गोबर से बने हुए दीये, घर में आएगी सुख-समृद्धि

इस साल दिवाली 1 नवंबर, शुक्रवार को मनाई जाएगी। त्योहार की शुरुआत मंगलवार, 29 अक्टूबर को धनतेरस से होगी। दिवाली में हर घर के कोने में दीपक जलाने के लिए जानी जाती है, हिंदू परंपराओं में अत्यधिक सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखती है। इस दिवाली अपने घरों में गाय के गोबर से बनें हुए दीये को जलाएं।–

दिवाली का पर्व जिसे रोशनी के त्योहार के रूप में भी जाना जाता है, हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण उत्सव है। दिवाली 14 वर्ष के वनवास के बाद भगवान राम की अयोध्या वापसी का प्रतीक है और अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दिवाली पर भक्त धन, समृद्धि और शांति की देवी देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं, ताकि उनसे खुशी और सफलता का आशीर्वाद मांगा जा सके। दीपक या दीये जलाना दिवाली की परंपराओं का एक अनिवार्य हिस्सा है।

इस साल दिवाली 1 नवंबर, शुक्रवार को मनाई जाएगी। त्योहार की शुरुआत मंगलवार, 29 अक्टूबर को धनतेरस से होगी। दिवाली में हर घर के कोने में दीपक जलाने के लिए जानी जाती है, हिंदू परंपराओं में अत्यधिक सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखती है।

दिवाली पर जलाएं गाय के गोबर से बने हुए दीये

भारतीय संस्कृति में, गाय के गोबर को पवित्र माना जाता है और इसका संबंध समृद्धि और शांति की देवी देवी लक्ष्मी से है। मान्यताओं के अनुसार, देवी लक्ष्मी गाय के गोबर में निवास करती हैं और दिवाली पर इससे बने दीपक जलाना देवी को प्रसन्न करने और उनके आशीर्वाद को आमंत्रित करने के एक तरीके के रूप में देखा जाता है। यह टेडिशन घरों में खुशी, धन और कल्याण की इच्छा का प्रतीक है। गाय के गोबर के दीये पवित्रता, समृद्धि और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक हैं, जो इन्हें दिवाली समारोह का एक अनूठा पहलू बनाते हैं।

गाय को माता माना जाता है

सनातन धर्म में गाय को पवित्र और अत्यधिक पूजनीय माना जाता है, जिसे अक्सर 'गौमाता' कहा जाता है, जो पोषण, जीवन और पृथ्वी का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि गाय के भीतर 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है, जो इसे दैवीय ऊर्जा का भंडार बनाता है। शास्त्रों के अनुसार, गाय के शरीर के विशिष्ट भागों में विभिन्न देवताओं का वास माना जाता है - सींगों में भगवान ब्रह्मा, माथे में भगवान शिव और पेट में भगवान विष्णु। यह मान्यता गाय के गहरे आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालती है।

घर में बनीं रहती है सुख-समृद्धि

गाय की पूजा करना सभी देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा का कार्य माना जाता है, जिससे उनका आशीर्वाद और आध्यात्मिक सुरक्षा प्राप्त होती है। दिवाली के संबंध में माना जाता है कि गाय के गोबर से बने दीये जलाने से धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। ये लैंप न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक अर्थ भी रखते हैं।

लिविंग एरिया को है चमकाना तो विनेगर का ऐसे करें इस्तेमाल

अगर आपके लिविंग एरिया में रखे सोफे या आर्मचेयर से थोड़ी बासी गंध आती है, तो सिरके से सफाई करें। एक स्प्रे बोतल में बराबर मात्रा में पानी और सिरका मिलाएं। अब इसमें लैवेंडर या नीलगिरी एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डालकर मिक्स करें।

लिविंग रूम घर का ऐसा हिस्सा होता है, जहां पर कोई भी व्यक्ति आकर बैठता है। ऐसे में अगर लिविंग एरिया गंदा हो या फिर वहां से अजीब सी स्मेल आ रही हो तो इससे आपकी पर्सनैलिटी पर भी नेगेटिव इफेक्ट पड़ता है। अमूमन यह देखने में आता है कि लिविंग एरिया की क्लीनिंग के लिए हम कई तरह के केमिकल बेस्ड क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन जब ये केमिकल्स सांस के जरिए अंदर जाते हैं तो इससे आपको काफी नुकसान हो सकता है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने लिविंग रूम को विनेगर की मदद से क्लीन करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि लिविंग एरिया को क्लीन करने के लिए विनेगर का इस्तेमाल किस तरह किया जाए-

सोफे की करें सफाई

अगर आपके लिविंग एरिया में रखे सोफे या आर्मचेयर से थोड़ी बासी गंध आती है, तो सिरके से सफाई करें। एक स्प्रे बोतल में बराबर मात्रा में पानी और सिरका मिलाएं। अब इसमें लैवेंडर या नीलगिरी एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डालकर मिक्स करें। अब इसे स्प्रे करें, लेकिन फर्नीचर को बहुत गीला न करें। इसे हवा में सूखने दें।

वहीं अगर सोफे पर दाग लगा है तो 1 भाग सिरका और 1 भाग पानी के मिश्रण से दाग को साफ करें। ज़्यादा मुश्किल दागों के लिए, पहले उस जगह पर बेकिंग सोडा छिड़कें, फिर सिरका स्प्रे करें। इसे कुछ मिनट तक फ़ज़ि होने दें, कपड़े से धीरे-धीरे रगड़ें और पोंछकर साफ़ करें।

विंडो को करें क्लीन

लिविंग रूम के विंडो की क्लीनिंग के लिए भी सिरके की मदद ली जा सकती है। इसके लिए आप एक स्प्रे बोतल में एक भाग सिरका और दो भाग पानी मिलाएं। अपनी खिड़कियों पर स्प्रे करें, फिर इसे माइक्रोफ़ाइबर कपड़े से पोंछें। जिद्दी दागों के लिए, थोड़ा ज़्यादा सिरका लगाकर रगड़ें, फिर साफ कपड़े से उसे क्लीन करें।

कारपेट को करें क्लीन

लिविंग रूम में रखा कारपेट बहुत जल्दी गंदा हो जाता है। ऐसे में उसे साफ करने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल करें। इसके लिए, आप बराबर मात्रा में सिरका और पानी के मिश्रण से उस जगह को साफ करें। इसके बाद, दाग पर बेकिंग सोडा छिड़कें, इसे सूखने दें और वैक्यूम करें। वहीं, जिद्दी दाग को साफ करने के लिए, 1 बड़ा चम्मच डिश सोप, 1 बड़ा चम्मच सफ़ेद सिरका और 2 कप गर्म पानी मिलाएं। घोल को स्पंज या कपड़े से दाग पर थपथपाएं, फिर साफ तौलिये से पोंछकर सुखाएं।

डायबिटीज के मरीजों के लिए रामबाण साबित होगा ये 5 फूल, कैसे करें इनका सेवन

डायबिटीज से परेशान लोगों के लिए यह लेख काफी काम का साबित हो सकता है। अगर आप भी ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करना चाहते हैं, तो इन फूलों को सेवन जरुर करें। जानें कैसे इन फूलों से रक्त शर्करा के स्तर को प्रबंधित करने और मधुमेह की देखभाल में सहायता कर सकते हैं।

डायबिटीज से जूझ रहे मरीजों के लिए ये फूल किसी रामबाण से कम नहीं है। डायबिटीज का प्रबंधन एक निरंतर लड़ाई की तरह महसूस हो सकता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्रकृति के इन फूलों की मदद से राहत मिल सकती है? जबकि रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए दवाएं और जीवनशैली में बदलाव आवश्यक हैं, कुछ फूल भी मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं। आइए कुछ ऐसे फूलों पर नजर डालें जो स्वाभाविक रूप से स्वस्थ ब्लड शुगर के स्तर तक आपकी यात्रा में सहायता कर सकते हैं।

डेहलिया

ऑक्सफोर्ड एकेडमिक लाइफ मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि डहलिया फूल की पंखुड़ियों में तीन अणु होते हैं जो प्रीडायबिटीज और टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों में रक्त शर्करा के स्तर को विनियमित करने में मदद कर सकते हैं। न्यूजीलैंड में ओटागो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पहले पाया था कि आहार संबंधी फ्लेवोनोइड ब्यूटेन मस्तिष्क की सूजन को कम कर सकता है, जिससे रक्त शर्करा नियंत्रण में सुधार होता है। नए अध्ययन में डेहलिया की पंखुड़ियों को ब्यूटेन के स्रोत के साथ-साथ दो अन्य यौगिकों के रूप में उजागर किया गया है जो इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाते हैं।

मेडागास्कर पेरीविंकल

मेडागास्कर पेरिविंकल का उपयोग पारंपरिक रूप से मधुमेह, गले के संक्रमण, रक्तचाप, कैंसर और त्वचा रोगों सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता रहा है। हालांकि यह संभावित लाभ प्रदान कर सकता है, अनुचित खुराक इसके उपयोग को असुरक्षित बना सकती है। इस पौधे के कुछ शुद्ध यौगिकों को इंजेक्शन के माध्यम से कैंसर के इलाज के लिए यूएस एफडीए द्वारा अनुमोदित किया गया है। हालाँकि, किसी भी स्थिति में इसके उपयोग पर विचार करने से पहले इसके दुष्प्रभावों को समझना महत्वपूर्ण है।

केला का फूल

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के 2013 के एक अध्ययन में पाया गया कि केले के फूल का सेवन शरीर में बढ़ी हुई चीनी से जुड़े एक विशिष्ट प्रोटीन के उत्पादन को कम करके रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। रक्त शर्करा को प्रबंधित करने के अलावा, केले का फूल वजन घटाने, कोलेस्ट्रॉल कम करने और स्वस्थ पाचन तंत्र को बढ़ावा देने में सहायता कर सकता है।

गुडहल का फूल

हिबिस्कस चाय, हिबिस्कस फूल से बनी, एक तीखा, चमकीले रंग का पेय है जो अपने स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। यह रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है, जो मधुमेह वाले लोगों में आम है। कुछ अध्ययनों से यह भी संकेत मिलता है कि हिबिस्कस इंसुलिन प्रतिरोध में सुधार कर सकता है, जिससे यह मधुमेह के प्रबंधन के लिए एक सहायक विकल्प बन सकता है।

तितली मटर का फूल

बटरफ्लाई मटर फूल, या क्लिटोरिया टर्नेटिया, दक्षिणपूर्व एशिया जैसे गर्म क्षेत्रों का मूल निवासी एक आकर्षक नीला फूल है। इसके औषधीय गुणों के कारण इसे विभिन्न संस्कृतियों में पारंपरिक रूप से उपयोग किया जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि फूल रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, इसके हाइपोग्लाइकेमिक गुणों के कारण, यह मधुमेह या प्रीडायबिटीज वाले लोगों के लिए फायदेमंद है।

कब है करवा चौथ? नोट करे शुभ मुहूर्त और पूजा विधि

सुहागिन महिलाओं के लिए करवा चौथ का व्रत बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस व्रत को ज्यादातर शादी-शुदा महिलाएं रखती हैं। पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा जाता है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए सोलह श्रृंगार करती हैं। शाम के समय जब चंद्रोदय हो जाता है तो चंद्रमा के अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है। आइए जानते हैं कब है करवा चौथ का व्रत?

कब है करवा चौथ?

इस साल करवा चौथ का व्रत 20 अक्टूबर 2024, दिन रविवार को रखा जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं कठिन व्रत का पालन करती हैं और विधिवत पूजा-अर्चना करती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से पति की लंबी उम्र और सुरक्षा प्राप्त होती है। इसके साथ ही घर में सुख-समृद्धि आती है।

पूजा का शुभ मुहूर्त

-चतुर्थी तिथि प्रारंभ- 20 अक्टूबर 2024 को 6.46 बजे

- चतुर्थी तिथि समाप्त - 21 अक्टूबर 2024 को 4.16 बजे

- करवा चौथ व्रत समय - सुबह 6.25 से शाम 7.54

- अवधि - 13 घंटे 29 मिनट्स

करवा चौथ पूजा मुहूर्त

- करवा चौथ पूजा मुहूर्त शाम 05.46 बजे से शाम 7.02 बजे तक है।

- अवधि 1 घंटा 16 मिनट्स

-करवा चौथ के दिन चंद्रोदय का समय- शाम 7.54 बजे

करवा चौथ व्रत सामग्री

- मिट्टी या तांबे का करवा और ढक्कन

- पान - सींक - कलश

- अक्षत - चंदन - फल

- पीली मिट्टी - फूल - हल्दी

- लकड़ी का आसान - देसी घी

- कच्चा दूध - दही, शहद, शक्कर का बूरा - रोली और मौली

- मिठाई - चलनी

करवा चौथ पूजा विधि

- सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें।

- मंदिर और घर की सफाई करें।

- सभी देवी-देवताओं की विधि-विधान पूजा करें।

- इसके बाद करवा चौथ व्रत रखने का संकल्प लें।

- संध्या के समय शुभ मुहूर्त में करवा चौथ की व्रत कथा का पाठ करें।

- फिर चंद्रमा की पूजा करें।

- चंद्रोदय होने के बाद अर्घ्य दें।

- पति को छलनी से देखकर आरती उतारें।

- आखिर में पति द्वारा पत्नी को पानी पिलाकर व्रत पारण किया जाता है।

सोनम वांगचुक समेत 20 समर्थक हिरासत में, लद्दाख भवन के बाहर कर रहे थे प्रदर्शन

परिवहन विशेष न्यूज

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और उनके 20 समर्थकों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वे लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लद्दाख भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है लेकिन उनके आवेदन पर विचार किया जा रहा है।

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक (Sonam Wangchuk) और 20 अन्य प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। वह लद्दाख भवन (Laddakh Bhawan) के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। मंदिर मार्ग पुलिस थाने ले जाया गया।

दिल्ली पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कुछ प्रदर्शनकारियों ने तर्क दिया कि वे प्रदर्शन नहीं कर रहे थे, बल्कि शांतिपूर्वक बैठे थे।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमित देने पर विचार

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को लद्दाख भवन के बाहर बैठने की कोई अनुमति नहीं है। उन्होंने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के लिए आवेदन किया है। उनके आवेदन पर विचार किया जा रहा है।

उन्हें किसी अन्य स्थान पर प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है, जिन्हें जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा।

30 सितंबर को पहुंचे दिल्ली

सोनम वांगचुक ने अपने समर्थकों के सात लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह से दिल्ली तक मार्च किया। वह 30 सितंबर को दिल्ली पहुंचे, जहां उन्हें पुलिस ने राजधानी के सिंघू बॉर्डर पर हिरासत में लिया था। उन्हें 2 अक्टूबर की रात रिहा कर दिया था।

सोनम वांगचुक अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत शीर्ष नेताओं से मुलाकात की मांग कर रहे हैं।

संविधान की छठी सूची में क्या?

संविधान की छठी अनुसूची में पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन के प्रावधान शामिल हैं। यह स्वायत्त परिषदों की स्थापना करता है जिनके पास इन क्षेत्रों पर स्वतंत्र रूप से शासन करने के लिए विधायी, न्यायिक, कार्यकारी और वित्तीय शक्तियां होती हैं।

क्या हैं मांगें

लेह से दिल्ली तक मार्च का आयोजन लेह एपेक्स बाडी (एलएबी) द्वारा किया गया, जो कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के साथ पिछले चार वर्षों से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहा है।

लद्दाख के लिए एक लोक सेवा आयोग की मांग।

लेह और कारगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीट बनाने की मांग।

साथ ही जल्द भर्ती प्रक्रिया और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा है।

'ये लोग पूरे देश में गैंगस्टर राज कायम करना चाहते हैं', बाबा सिद्दीकी हत्याकांड पर बोले केजरीवाल

मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने लोगों से बीजेपी के खिलाफ साथ आने की अपील की है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने सवाल करते हुए कहा कि ऐसा क्या हुआ है कि दिल्ली और मुंबई में इतने सारे गैंगस्टर सक्रिय हो गए हैं?

सूत्रों के मुताबिक स्पेशल सेल के पांच सदस्यों टीम मुंबई पुलिस को जांच में मदद करने मुंबई जा सकती है। सेल को शक है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे गैंगस्टरों के आपसी वर्चस्व हो सकता है।

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की सरेआम गोली मारकर हत्या ने देशभर में दहशत फैला दी है। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जनता से बीजेपी के खिलाफ खड़े होने की अपील की है।

क्यों एक्टिव हो गए इतने सारे गैंगस्टर?

इसी क्रम में दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, ₹मुंबई में भाजपा की सरकार है और आप कानून व्यवस्था की स्थिति देख सकते हैं, उनके नेता की हत्या कर दी गई है। दिल्ली में भी कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के अधीन है और यहां भी हालात मुंबई जैसे होते जा रहे हैं। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें अपना सारा समय राजनीति में बिताती हैं, उनके पास शासन के लिए समय नहीं है। हमें नहीं पता कि कार्रवाई होगी या नहीं, लेकिन क्या ऐसा हुआ है कि दिल्ली और मुंबई में इतने सारे गैंगस्टर सक्रिय हो गए हैं, क्या सरकार उन्हें बढ़ावा दे रही है? यह बहुत गंभीर स्थिति है।"

जांच में मुंबई पुलिस को सेल कर रही मदद

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल मुंबई पुलिस को मदद करने मुंबई जा सकती है। स्पेशल सेल सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। शनिवार की रात बाबा सिद्दीकी को मुंबई के बांद्रा इलाके के खेर नगर में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने उन्हें रोककर उनपर ताबड़तोड़ छह गोलियां चला दी थी।

घायल बाबा सिद्दीकी को उपचार के लिए तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया था जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हालांकि वारदात के तुरंत बाद दो बदमाशों को मुंबई पुलिस ने दबोच भी लिया है, तीसरा भागने में कामयाब हो गया था। उनके बारे में पुलिस को जानकारी मिल चुकी है। उसे दबोचने के लिए छापेमारी जारी है।

मुंबई जा सकती है स्पेशल सेल

सूत्रों के मुताबिक स्पेशल सेल के पांच सदस्यों टीम मुंबई पुलिस को जांच में मदद करने मुंबई जा सकती है। सेल को शक है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे गैंगस्टरों के आपसी वर्चस्व हो सकता है। मुंबई पुलिस ने विभिन्न कोणों से मामले की जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया के जरिये लॉरेंस बिश्नोई गिरोह द्वारा हत्या की जिम्मेदारी लेने से हो सकता है कि किसी गिरोह को उनकी हत्या के लिए सुपारी दी गई हो।

मुंबई व दिल्ली पुलिस इसे मुंबई में व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता व झुग्गी पुनर्वास परियोजना आदि कई पहलुओं पर भी जांच कर रही है। हत्या आरोपित जिन दो बदमाशों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है उनमें हरियाणा का रहने वाला गुरमेल बलजीत सिंह और उत्तर प्रदेश का धर्मराज राजेश कश्यप है।

लॉरेंस गिरोह ने ली हत्या कराने की जिम्मेदारी

पुलिस को मौके ने नाइन एमएम के कुछ खोखे मिले हैं। वारदात के कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया के जरिये महाराष्ट्र के शुबू लोनकर ने लॉरेंस गिरोह द्वारा हत्या कराने की जिम्मेदारी ली है। उसकी सत्यता की जांच की जा रही है। इस मामले में मुंबई व दिल्ली पुलिस गुजरात के साबरमती जेल में बंद लॉरेंस से पूछताछ करने जेल जा सकती है।

'प्रधानमंत्री द्वारा आवंटित फ्लैटों को ब्लैक में बेचा जा रहा', आप के आरोप पर मचा सियासी घमासान

आप नेता व कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झुग्गीवासियों को मिलने वाले फ्लैटों में घोटाले का आरोप लगाया है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि जिन फ्लैटों का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था उन्हें ब्लैक में बेचा जा रहा है। भाजपा ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि दिल्ली में गरीब झुग्गी निवासियों को झुग्गी के बदले पक्का मकान देने की जो प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत झुग्गियों में रहने वाले गरीब लोगों को झुग्गी के बदले पक्का मकान दिया जाता है, ताकि वह लोग और उनके बच्चे एक सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें और साथ ही साथ दिल्ली में झुग्गियों की संख्या को काम किया जा सके।

आप ने कहा है कि इसी श्रृंखला में अभी कुछ समय पहले ही प्रधानमंत्री मोदी जी ने खुद कालकाजी में स्थित ऐसे ही फ्लैटों का उद्घाटन किया था, जो कि झुग्गी में रहने वाले व्यक्तियों को झुग्गी के बदले मिलने थे।

सौरभ भारद्वाज ने की मामले की जांच की मांग

आप ने आरोप लगाया है कि एक स्टिंग ऑपरेशन में बात साफ हो रही है कि जिन फ्लैटों का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झुग्गी में रहने वाले लोगों को आवंटित करने के लिए किया था, उन फ्लैटों को एक बड़े भ्रष्टाचार के तहत ब्लैक में उन लोगों को बेचा जा रहा है जो लोग झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोग नहीं हैं। आप नेता व कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसकी जांच की मांग की है।

दिल्ली सरकार बताए कितने गरीबों को आवास मिलाः सचदेवा

सौरभ भारद्वाज के आरोप पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, दिल्ली सरकार के मंत्री केंद्रीय एजेंसियां के विरूद्ध भ्रम फैलाने बढ़ाने का काम करते हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण के विरुद्ध भी आवास आवंटन को लेकर झूठे आरोप लगा रहे हैं।

इस तरह के भ्रामक आरोप लगाने की जगह मंत्री को बताना चाहिए कि पूर्व की शीला दीक्षित सरकार द्वारा राजीव आवास योजना के अंतर्गत गरीबों के लिए नरेला एवं बवाना में बनाए गए 40 हजार फ्लैट का आवंटन अब तक क्यों नहीं किया गया?

उन्होंने कहा, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड का काम गरीबों को घर उपलब्ध कराना है। दिल्ली सरकार को बताना चाहिए कि पिछले 10 वर्षों में कितने गरीबों को घर दिए गए? दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू नहीं करने का भी कारण बताना चाहिए।

केंद्रीय विश्वविद्यालयों की कार्यकारी परिषद (ईसी) में शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि को शामिल करने का फोरम ने विरोध जताया

सुषमा रानी

नई दिल्ली। फोरमऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) ने बताया है कि शिक्षा मंत्रालय ने एक सर्कुलर जारी कर अपने अधीन आने वाले केंद्रीय विश्वविद्यालयों की कार्यकारी परिषद (ईसी) में शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों को शामिल किए जाने का अनुरोध किया है। सर्कुलर में कहा गया है कि शिक्षा मंत्रालय ने अपने अधीन आने वाले केंद्रीय विश्वविद्यालयों के मौजूदा प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा की है और इन संस्थानों की कार्यकारी परिषद (ईसी) में मंत्रालय के प्रतिनिधित्व में असमानता देखी है। 48 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में से 20 पहले ही अपने कार्यकारी परिषदों में मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल कर लिया है। जबकि 28 केंद्री विश्वविद्यालयों में वर्तमान में ऐसा कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। सर्कुलर में यह भी लिखा है कि सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रशासन में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए यह सुझाव दिया जाता है कि (उच्च शिक्षा) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार या उनके द्वारा नामित व्यक्ति को आपके विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद के सदस्य के रूप में शामिल किया जाए।बता दें कि सोमवार (14 अक्टूबर) को डीयू की कार्यकारी परिषद (ईसी) की मीटिंग हो रही है

जिसमें शिक्षा मंत्रालय के पत्र को रखा जाना है।

फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर का कड़े शब्दों में विरोध किया है और कहा है कि शैक्षणिक संस्थानों के निर्णय लेने वाले निकाय जैसे कार्यकारी परिषद (ईसी) से संबंधित मंत्रालय से सरकार या नौकरशाही का प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व नहीं होना चाहिए। इससे विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर सीधा हमला बताया है। विश्वविद्यालयों में राजनीतिक हस्तक्षेप होगा व कुलपति की शक्तियों को कमजोर किया जाएगा। क्योंकि शिक्षा मंत्रालय द्वारा भेजे जाने वाले प्रतिनिधि सरकार की भाषा बोलेंगे और मनमानी करके अपना एजेंडा लागू करेंगे। उन्होंने बताया है कि डीयू एक्ट 1922 में बना था जो कि उसे पूरी स्वायत्तता देता है जबकि अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालय 2009 में बने है, उन पर सरकार अपना एजेंडा लागू कर सकती है क्योंकि उन विश्वविद्यालयों की प्रकृति हमारे विश्वविद्यालय से भिन्न है। यदि यहाँ पर सरकार का पूर्ण हस्तक्षेप होगा तो नियुक्ति, पदोन्नति तथा सभी संसाधनों पर सरकार का कब्जा होगा इसलिए इसका जबरदस्त विरोध करेंगे। डॉ.सुमन ने बताया है कि दिल्ली सरकार से शत प्रतिशत वित्त पोषित 12 कॉलेजों में इनके नुमाइंदों को गवर्निंग बॉडी में रखा जाता है जहाँ वे अपनी मनमानी करते हैं, इसीलिए पिछले दो साल से सरकार की गवर्निंग बॉडी न होने से शिक्षकों का समय पर वेतन नहीं मिलता, अभी तक एडहॉक शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति नहीं हुई, कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति भी पिछले एक दशक से नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में यदि शिक्षा मंत्रालय के सदस्यों द्वारा सरकार की नीतियों को लागू करेंगे तो शिक्षकों के अंदर डर पैदा होगा इसलिए डीयू की स्वायत्तता को इसी तरह बरकरार रखा जाए।

डॉ.हंसराज सुमन का यह भी कहना है कि भारत सरकार के उच्च शिक्षा सचिव या उनके द्वारा नामित व्यक्ति को दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद (ईसी) का सदस्य बनाने से डीयू में दूसरा पावर सेंटर बनाने के अतिरिक्त और कुछ नहीं, इससे केंद्रीय विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक स्वायत्त स्थिति के लिए घातक है। उन्होंने डीयू का उदाहरण देते हुए बताया कि डीयू अधिनियम और ईसी संरचना को परिभाषित करते हैं कि सचिव और उच्च शिक्षा, भारत सरकार को शामिल करने की अनुमति नहीं देते। डीयू ईसी में पहले से ही विजिटर और चांसलर नामित है जो सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने बताया है कि सचिव, उच्च शिक्षा और सचिव यूजीसी या उनके नामित व्यक्ति डीयू की वित्त समिति में सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसी तरह से केंद्र सरकार के तीन सांसदों को यूनिवर्सिटी कोर्ट में प्रतिनिधित्व दिया गया है। उन्होंने सोमवार को हो रही ईसी की मीटिंग में इस तरह के सर्कुलर का विरोध किये जाने की सदस्यों से मांग की है।

भारतीय कैंसर संस्थान (आईसीआई) लोगों को जीके1, दिल्ली में स्थित अपने अभूतपूर्व अस्पताल में आमंत्रित करता है

सुषमा रानी

नई दिल्ली। भारतीय कैंसर संस्थान ने आज दिल्ली में अपने अनुसंधान और उपचार अस्पताल के उद्घाटन की घोषणा की। आईसीआई में, मरीज कीमोथेरेपी और सर्जरी दोनों के साथ-साथ टारगेट थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। रोगियों में उन्नत कैंसर चरण के मामलों में भी उपचार के विकल्पों पर विचार किया जाता है।

आईसीआई का निर्माण विविध डॉक्टरों और ऑन्कोलॉजिस्ट की मजबूत नींव पर किया गया है जो उच्चतम स्तर की देखभाल और सहानुभूति के साथ रोगियों का इलाज करते हैं। विशाल अनुभव के साथ, वे पूरी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ जरूरतमंद लोगों को दयालु देखभाल प्रदान करने के लिए मिलकर काम करते हैं।

दिल्ली और पूरे भारत में सही इलाज की तलाश करने वाला कोई भी व्यक्ति सही देखभाल के लिए आईसीआई का दौरा कर सकता है। उपचार में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए जीके1 के अस्पताल में पहले से ही कई लोग आ रहे हैं।

आईसीआई के साझेदारों में से एक, लोकप्रिय गायक मीका सिंह ने भी अपने एनजीओ 'डिवाइन टच' और आईसीआई के बीच एक करीबी कामकाजी सहयोग विकसित किया है। उन्होंने और आईसीआई के संस्थापक सदस्य डॉ. तरंग कृष्णा दोनों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वे जरूरतमंद लोगों के लिए 'परिवर्तन' के बड़े कारण में योगदान देना जारी रखेंगे।

हमारे मुख्य अतिथि - प्रसिद्ध बॉलीवुड सेलिब्रिटी - सुनील शेट्टी ने अपनी उपस्थिति से इस उद्घाटन को सफल बनाया।

आईसीआई उन अस्पतालों में से एक है जिसका एजेंडा समुदाय को कैंसर से बचाना है, और यही कारण है कि वे कैंसर का पता लगाने के लिए हर शुक्रवार दोपहर 3 बजे से मुफ्त परीक्षण की पेशकश कर रहे हैं।

'जमानत देने से रोकना सजा के समान', दिल्ली हाईकोर्ट ने रिश्वत के आरोपी SI को बेल देते हुए की टिप्पणी

दिल्ली हाईकोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोपी सब-इंस्पेक्टर युद्धवीर सिंह यादव को जमानत देते हुए कहा कि किसी आरोपी को मामले के गुण-दोष के आधार पर रिहा करना उचित समझने के बावजूद जमानत नहीं देना सजा के समान है। कोर्ट ने कहा कि मामले में सीबीआई द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है और जांच पूरी हो चुकी है।

नई दिल्ली। रिश्वत लेने के मामले में आरोपी दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर को नियमित जमानत देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह की पीठ ने कहा कि निसंदेह आरोपी युद्धवीर सिंह यादव पर लगाया गया आरोप गंभीर प्रकृति का है, लेकिन अदालत की राय है कि किसी आरोपी को मामले के गुण-दोष के आधार पर रिहा करना उचित समझने के बावजूद जमानत नहीं देना सजा के समान है। पीठ ने कहा कि मामले में सीबीआई (CBI) द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है और जांच पूरी हो चुकी है।

पीठ ने यह टिप्पणी याचिकाकर्ता के उस पर तर्क की, जिसमें उसने कहा था कि ट्रायल कोर्ट ने 13 अगस्त 2024 को सुनाए गए निर्णय में जमानत के योग्य मामला होने के बावजूद उसे नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया था।

अदालतों को अपनाना चाहिए संवेदनशील दृष्टिकोण

याचिकाकर्ता के जमानत पाने का हकदार होने या नहीं होने पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने कहा कि किसी सरकारी अधिकारी के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों से जुड़े अपराधों से निपटने के लिए अदालतों को संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, क्योंकि इससे लोक सेवकों में जनता का विश्वास कम हो जाता है, जो कि जनता की रक्षा करने के लिए होते हैं।

कोर्ट ने दी जमानत

अदालत ने आरोपी को एक लाख रुपये के निजी मुचलके व इतनी ही राशि के एक जमानती पर नियमित जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। याचिकाकर्ता सब इंस्पेक्टर ने नियमित जमानत की मांग करते हुए कहा था कि उसे झूठा फंसाया गया है।

जांच में सहयोग किया, फिर भी...

उसने यह भी तर्क दिया कि जांच में उसने पूरा सहयोग किया है और अब हिरासत में रखने से कोई उद्देश्य हल नहीं होगा। वहीं, याचिका का विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक ने कहा कि आरोपी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप गंभीर हैं।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी (Congress Leader Rahul Gandhi) की नागरिकता के मुद्दे पर इलाहाबाद हाईकोर्ट (Allahabad High Court) में लंबित याचिका की एक प्रति दाखिल करने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट (Delhi High Court) ने बुधवार को पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी को समय दिया है। सुनवाई के दौरान सुब्रमण्यम स्वामी ने अदालत को सूचित किया कि उन्होंने याचिका की प्रति प्राप्त कर ली है और उस मामले में की गई प्रार्थनाएं उनकी दलीलों से अलग हैं।

हालांकि, मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने सुब्रमण्यम स्वामी (Subramaniam Swamy) को इलेक्ट्रॉनिक रूप में दस्तावेज दाखिल करने को कहते हुए सुनवाई छह नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

गाजियाबाद और नोएडा वाले ध्यान दें, 20 दिनों तक नहीं मिलेगा पानी; लाखों लोग होंगे प्रभावित

परिवहन विशेष न्यूज

हरिद्वार में गंगनहर की सफाई कार्य के चलते नोएडा और गाजियाबाद में 20 दिनों तक गंगाजल की आपूर्ति बंद रहेगी। इससे दिवाली तक लगभग 10 लाख की आबादी प्रभावित होगी। हालांकि अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की है कि इस अवधि के दौरान निवासियों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। ऐसे में सोमवार से लोगों को गंगाजल नहीं मिलेगा।

साहिबाबाद। गंगनहर की सफाई के लिए शनिवार रात 12 बजे हरिद्वार से गंगनहर को बंद कर दिया गया। गंगनहर बंद होने के बाद प्रताप विहार स्थित गंगाजल प्लांट में एक दिन के लिए रिजर्व गंगाजल रखा जाएगा। जिससे केवल एक दिन यानी रविवार को ही पानी की आपूर्ति की जाएगी।

ऐसे में सोमवार से लोगों को गंगाजल नहीं मिलेगा। नगर निगम और जीडीए द्वारा दिन में केवल एक समय नलकूप और टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाएगी। अब दिवाली तक यानी 20 दिनों तक ट्रांस हिंडन की 10 लाख की आबादी को एक समय ही पानी मिल सकेगा।

गंगनहर से ही गंगाजल प्लांट में आता है पानी

दशहरे के समय किसानों को पानी की जरूरत कम रहती है। जिस वजह से हर वर्ष इस दौरान गंगनहर की सफाई की जाती है। गंगनहर से ही प्रताप विहार स्थित गंगाजल प्लांट में गंगाजल आता है। प्रताप विहार प्लांट की भंडारण क्षमता 150 क्यूसेक पानी की है।

गंगनहर बंद होने पर प्लांट में एक दिन का पानी भंडारण करके रखा जाता है। इस प्लांट से वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम, डेल्टा कॉलोनी, कौशांबी और सिद्धार्थ विहार को गंगाजल मिलता है। इसके अलावा नलकूप और टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाती है। गंगाजल सुबह और शाम के समय एक-एक घंटे की आपूर्ति की जाती है।

शनिवार रात 12 बजे से बंद की गई गंगनहर

शनिवार रात 12 बजे हरिद्वार से गंगनहर बंद कर दिया गया। सोमवार सुबह से लोगों को गंगाजल की आपूर्ति नहीं होगी। दिन में दो बार की बजाय एक बार ही नगर निगम द्वारा नलकूप से पानी की आपूर्ति की जाएगी।

दिवाली के बाद गंगाजल की आपूर्ति शुरू की जाएगी। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता ब्रिजराज ने बताया कि 12 अक्टूबर से दो नवंबर तक गंगनहर बंद रहेगी। इस दौरा गंगनहर की सफाई होगी।

पानी के निजी प्लांटों पर रहने पड़ेगा निर्भर

गंगाजल की आपूर्ति बंद होते ही ट्रांस हिंडन क्षेत्र के लोगों को बोतलबंद पानी के भरोसे रहने पड़ेगा। इनके पानी की गुणवत्ता की भी गारंटी नहीं होती है। गंगाजल नहीं मिलने पर मजबूरी में लोगों को इस पानी को ही खरीदना पड़ता है।

शनिवार को जगह-जगह हुई पानी की किल्लत

ट्रांस हिंडन क्षेत्र में शनिवार को भी लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ा। इंदिरापुरम, वैशाली, डेल्टा कालोनी, वसुंधरा, कौशांबी के लोगों को पर्याप्त गंगाजल नहीं मिला।

तुलसी निकेतन में गंदे पानी की आपूर्ति हुई। सूर्य नगर, चंद्र नगर, बृज विहार, कौशांबी, श्याम पार्क, लाजपत नगर, भोपुरा, डीएलएफ, इंद्रप्रस्थ आदि क्षेत्र में पानी की किल्लत होने की शिकायतें प्राप्त हुईं।

प्लांट से इस तरह होगी गंगाजल की आपूर्ति

100 क्यूसेक गंगाजल की सप्लाई प्लांट से होती है।

80 क्यूसेक गंगाजल नोएडा को दिया जाता है।

15 क्यूसेक गंगाजल इंदिरापुरम को मिलता है।

05 क्यूसेक की गंगाजल सिद्धार्थ विहार को मिलता है।

नगर निगम द्वार पानी आपूर्ति के संसाधन

संसाधन : संख्या

5-10 एचपी के पंप : 1050

15-30 एचपी के पंप : 300

हैंडपंप की संख्या : 7000

ओवर हैड टैंक : 51

वाटर टैंकर : 71

रेनीवेल : 03

पानी की मांग और आपूर्ति

कागजों में कुल मांग : 355 एमएलडी

आपूर्ति करने का दावा : 325 एमएलडी

कुल बोरिंग 76

एयरपोर्ट के पास सस्ता प्लॉट खरीदने का सुनहरा मौका, अगले महीने मिलने जा रही खुशखबरी

परिवहन विशेष न्यूज

अगर आप नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आशियाना बनाने की सोच रहे हैं तो यह जानकारी आपके काम की है। दरअसल Yamuna Authority नई आवासीय प्लॉट योजना लाने जा रही है। यह योजना अगले महीने लॉन्च हो सकती है। इसके साथ ही सेक्टर 18 में आवासीय प्लॉट योजना आएगी। इससे पहले यमुना प्राधिकरण ने पांच जुलाई को 361 आवासीय प्लॉट की योजना निकाली थी।

ग्रेटर नोएडा।: जमीन पुनर्ग्रहण के फेर में फंसी यमुना प्राधिकरण की आवासीय प्लॉट योजना का रास्ता साफ हो गया है।

मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. ने जमीन के पुनर्ग्रहण को स्वीकृति दे दी है। आवासीय प्लॉट योजना लॉन्च होने से पहले इसका उत्तर प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण में पंजीकरण कराया जाएगा। अगले माह तक आवासीय प्लॉट योजना लॉन्च होने की उम्मीद है।

जुलाई में निकाली थी 361 प्लॉट की योजना

यमुना प्राधिकरण ने पांच जुलाई को 361 आवासीय प्लॉट की योजना निकाली थी, इस योजना में प्लॉटों की संख्या बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने सेक्टर 24 में प्रस्तावित प्लॉट के लिए पंजीकरण का आवेदन रेरा में किया था।

लेकिन रेरा ने प्राधिकरण से यह कहते हुए पंजीकरण करने से इनकार कर दिया था कि जिस जमीन पर प्लॉट योजना प्रस्तावित है, वह जमीन यमुना प्राधिकरण के नाम पर दर्ज नहीं है। इसलिए प्राधिकरण की 23 अगस्त को समाप्त हुई आवासीय योजना में प्लॉटों की संख्या नहीं बढ़ सकी।

मंडलायुक्त ने 110 एकड़ जमीन के पुनर्ग्रहण को दी स्वीकृति

रेरा के जवाब के बाद प्राधिकरण ने जमीन के पुनर्ग्रहण का प्रस्ताव मंडलायुक्त को भेजा था। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि मंडलायुक्त ने 110 एकड़ जमीन के पुनर्ग्रहण के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। जिला प्रशासन से इसकी सूचना जारी होने के बाद रेरा में पूर्व में पंजीकरण के लिए दिए गए आवेदन के संबंध में इस जानकारी को शामिल कर दिया जाएगा।

रेरा पंजीकरण के बाद निकाली जाएगी प्लॉट योजना

रेरा पंजीकरण के बाद अगले माह तक नई आवासीय प्लॉट योजना निकाली जाएगी। ज्ञात हो कि ग्राम समाज की जमीन को प्राधिकरण पुनर्ग्रहण करता है, इसके बाद ही प्राधिकरण यह जमीन अपनी परियोजनाओं में उपयोग करता है, लेकिन पूर्व में शासन ने शासनादेश जारी कर ग्राम समाज की जमीन के प्रबंधन का अधिकारी प्राधिकरणों को सौंप दिया था।

यूपी में बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग ने कसी कमर, घरों पर लगेंगे स्मार्ट मीटर

परिवहन विशेष न्यूज

गाजियाबाद में बिजली चोरी रोकने और उपभोक्ताओं को बिजली बिल की समस्या से निजात दिलाने के लिए विद्युत निगम ने कमर कस ली है। इसके लिए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे जिससे बिजली चोरी का भी पता चल सकेगा। शुरुआत में विद्युत उपकेंद्रों के फीडर पर स्मार्ट मीटर लगेंगे जिसके बाद ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इससे बिजली चोरी पर लगाम लग सकेगी।

गाजियाबाद। बिजली चोरी को रोकने और बिजली की खपत कम करने व उपभोक्ताओं को बिजली बिल की समस्या से निजात दिलाने को लेकर विद्युत निगम तैयारी कर रहा है। इसके लिए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे, जिससे बिजली चोरी का भी पता चल सकेगा। शुरुआत में विद्युत उपकेंद्रों के फीडर पर स्मार्ट मीटर लगेंगे, जिसके बाद ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

बाद में सरकारी कार्यालय और आवास के बाद उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने की योजना है। गाजियाबाद जिले में करीब चार लाख 25 हजार उपभोक्ताओं के लिए 41 विद्युत उपकेंद्र संचालित हैं। यह इनकमिंग व आउटगोइंग मिलकर 231 फीडर हैं। विद्युत निगम की ओर से विद्युत उपकेंद्र के फीडर पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम शुरू कर दिया गया है।

30 हजार से ज्यादा है व्यवसायिक कनेक्शन वाले उपभोक्ता

गाजियाबाद जोन एक में दो लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ता हैं, जिनमें करीब 8500 से अधिक प्रीपेड उपभोक्ता हैं। जोन एक में व्यवसायिक विद्युत कनेक्शन वाले 30 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं, जिनमें 1200 से अधिक प्रीपेड उपभोक्ता हैं। वहीं, लघु व सूक्ष्म उद्योगों के ढाई हजार से अधिक एवं बड़े उद्योगों के 439 कनेक्शन हैं।

स्मार्ट मीटर लगाने में तेजी लाने के निर्देश

विद्युत उपकेंद्रों की संख्या 40 हैं। बिजली चोरी को रोकने के लिए विद्युत निगम ने शुरुआत में उपकेंद्रों के फीडर पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू किया है, जिसमें तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य अभियंता गाजियाबाद जोन अशोक सुंदरम ने बताया कि इसके लिए स्मार्ट मीटर लगाने में तेजी लाने के लिए संबंधित कंपनी अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

शुरुआत में फीडर पर स्मार्ट मीटर लगेंगे। इसके बाद ट्रांसफार्मर और सरकारी कार्यालय व आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। ताकि उपभोक्ताओं में संदेश जाए। इसके बाद उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी है।

पुलिस ने महापंचायत जाने से रोका, तो NH-9 पर धरने पर बैठ गए विधायक नंदकिशोर गुर्जर; थम गई वाहनों की रफ्तार

परिवहन विशेष न्यूज

गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी के विवादित बयान के बाद तनाव खत्म होता नहीं दिख रहा है। हिंदू संगठनों ने रविवार को डासना देवी मंदिर पर महापंचायत का आयोजन किया लेकिन पुलिस ने इसकी अनुमति नहीं दी। पुलिस ने मंदिर जाने वाले रास्तों पर बेरिकेडिंग कर लोगों को महापंचायत में नहीं जाने दिया। इस बीच लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर हाईवे पर धरने पर बैठ गए।

गाजियाबाद। डसना देवी मंदिर पर हिंदुओं की महापंचायत कड़े सुरक्षा प्रबंधन के चलते नहीं हो पाई। पुलिस ने मंदिर जाने वाले सभी मार्गों पर बैरिकेडिंग लगाकर किसी को भी प्रवेश नहीं करने दिया। इस दौरान बेरिकेडिंग हटाने का प्रयास कर रहे लोगों को पुलिस ने खदेड़ा।

मंदिर जाने की मांग पर अड़े लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर ने हाइवे पर ही पंचायत की। विधायक ने कहा कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर की गिरफ्तारी की जाए। उनकी वजह से हालात बिगड़े हैं।

विधायक ने पंचायत समाप्त होने के बाद बताया कि तीन मांगे सरकार से रखी गई है। जिनमें रोहिंग्या मुस्लिमों को बाहर निकालने, डासना देवी मंदिर पर हमला करने वालों पर रासुका लगाने और जिहाद करने वालों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की गई है।

दूसरी तरफ हापुड़ रोड पर इंपीरियल फार्म हाउस में भाईचारा मंच ने भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया। संयोजक नाहर सिंह यादव ने कहा कि मौजूदा समय में समय में जो तनाव है उसे दूर करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। बैठक में समाज तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

डासना देवी मंदिर प्रबंधन प्रवक्ता डॉक्टर उदिता त्यागी का कहना है कि सुबह चार बजे से पुलिस किसी को मंदिर के अंदर प्रवेश नहीं करने दे रही है। सुबह से मंदिर आने वालों को मुख्य द्वार से ही वापस लौटाया जा रहा है। उनका आरोप है कि मंदिर आए दो सन्यासियों को



पुलिस उठाकर ले गयी है।

एनएच-नौ पर थम गई वाहनों की रफ्तार

वहीं, डासना देवी मंदिर जाने से रोकने पर नाराज लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर हाईवे पर ही धरने पर बैठ गए। इससे एनएच-नौ पर वाहनों की रफ्तार थम गई।

तीन नेताओं ने रची थी डासना देवी मंदिर पर हमले की साजिश, गाजियाबाद पुलिस को मिले खुफिया इनपुट

बता दें कि भीड़ जुटने से रोकने के लिए पुलिस ने डासना देवी मंदिर जाने वाले रास्तों पर बेरिकेडिंग कर दी। किसी को भी मंदिर की तरफ जाने नहीं दिया। मंदिर में कैंप करने जा रहे डॉक्टर बीपी त्यागी को पुलिस ने वापस भेज दिया। बीपी त्यागी का कहना है कि वह मंदिर में स्वास्थ्य कैंप लगाने जा रहे थे।

विधायक ने महापंचायत को लेकर बयान जारी किया

इससे पहले शनिवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने महापंचायत को लेकर शनिवार को अपना बयान जारी करते हुए कहा कि डासना मंदिर पर ऊपर हुए हमला होना बहुत ही गलत है। मंदिर की समिति व साधु-संतों के आह्वान पर महापंचायत बुलाई गई है। उसमें मुझे भी बुलाया गया है। इसमें लोनी, गाजियाबाद समेत आसपास के जिलों के लोगों में आक्रोश है।

महंत के बयान पर एफआइआर दर्ज होने के बाद भी अति प्राचीन मंदिर पर हमला करना गलत है। लोग डीएम के यहां ज्ञापन करने गए थे उनके खिलाफ ही एफआईआर दर्ज की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री इसको लेकर गंभीर हैं। सरकार को बदनाम करने के लिए एक अधिकारी लगातार प्रयास कर रहा है।

वरदान या अभिशाप? एनईपी 2024 की वास्तविकता को डिकोड करना

विजय गर्ग

एनईपी 2024, एनईपी 2020 का उत्तराधिकारी है, जिसका उद्देश्य भारत की शिक्षा प्रणाली को व्यापक रूप से पुनर्जीवित करना है। यह प्री-स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर कई महत्वपूर्ण बदलावों का प्रस्ताव करता है। इसकी कुछ प्रमुख विशेषताओं में प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा पर जोर, ग्रेड 6 से व्यावसायिक शिक्षा की शुरूआत, उच्च शिक्षा का पुनर्गठन और बेहतर शिक्षण परिणामों के लिए प्रौद्योगिकी का समावेश शामिल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2024 गहन जांच और बहस का विषय रही है, खासकर भारत में उच्च शिक्षा के लिए इसके निहितार्थ के संबंध में। अधिवक्ता इस क्षेत्र में क्रांति लाने की इसकी क्षमता की सराहना करते हैं, जबकि आलोचक इसकी व्यावहारिकता और दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में आपत्ति व्यक्त करते हैं। एनईपी वैश्विक प्रदर्शन और सहयोग को भी प्रोत्साहित करता है। प्रबंधन संस्थान छात्रों को वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रदान करने और अंतरराष्ट्रीय नौकरी बाजार में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए विनिमय कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप और विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग की पेशकश कर सकते हैं। इस लेख का उद्देश्य एनईपी 2024 के सूक्ष्म पहलुओं पर गौर करना है, इसके फायदे और नुकसान का आकलन करना है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह उच्च शिक्षा के लिए वरदान है या अभिशाप। एनईपी 2024 को समझना एनईपी 2024, एनईपी 2020 का उत्तराधिकारी है, जिसका उद्देश्य भारत की शिक्षा प्रणाली को व्यापक रूप से पुनर्जीवित करना है। यह प्री-स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक विभिन्न शैक्षिक स्तरों पर कई महत्वपूर्ण बदलावों का प्रस्ताव करता है। इसकी कुछ प्रमुख विशेषताओं में प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा पर जोर, ग्रेड 6 से व्यावसायिक शिक्षा की शुरूआत, उच्च शिक्षा का पुनर्गठन और बेहतर शिक्षण परिणामों के लिए प्रौद्योगिकी का समावेश शामिल है। एनईपी 2024 के वरदान समग्र विकास पर जोरः एनईपी 2024 शिक्षा के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण की वकालत करके समग्र विकास को प्राथमिकता देता है। आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल का पोषण करके, नीति का लक्ष्य आधुनिक दुनिया की जटिलताओं को अपनाने में सक्षम पूर्ण व्यक्तियों का निर्माण करना है। पाठ्यक्रम डिजाइन में लचीलापनः एनईपी 2024 के प्रमुख सिद्धांतों में से एक पाठ्यक्रम डिजाइन और कार्यान्वयन में लचीलापन है। यह उच्च शिक्षा संस्थानों को छात्रों और उद्योगों की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों को तैयार करने, शिक्षा में नवाचार और प्रासंगिकता को बढ़ावा देने की अनुमति देता है। अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावाः यह नीति उच्च शिक्षा में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने पर ज़ोर देती है। अनुसंधान क्लस्टर, वित्त पोषण के अवसर और उद्योग भागीदारों के साथ सहयोगात्मक पहल स्थापित करके, एनईपी 2024 का लक्ष्य वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति में वैश्विक नेता के रूप में भारत की स्थिति को ऊपर उठाना है। प्रौद्योगिकी का एकीकरणः एनईपी 2024 शिक्षा में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी क्षमता को पहचानता है और इसके व्यापक एकीकरण की वकालत करता है। सामग्री वितरण, मूल्यांकन और सहयोग के लिए डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का लाभ उठाकर, नीति गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटने का प्रयास करती है। 21वीं सदी के लिए प्रासंगिकताः भारत में मौजूदा शिक्षा प्रणाली की अक्सर पुरानी होने और रटने पर केंद्रित होने के कारण आलोचना की जाती है। एनईपी शिक्षा को अधिक समग्र, लचीला और अंतःविषय बनाने और छात्रों को 21वीं सदी के कार्यबल की मांगों के लिए तैयार करने का प्रयास करती है। समानता और समावेशन के महत्व पर



प्रकाश डालनाः शिक्षा में महत्वपूर्ण असमानताएँ हैंभारत के विभिन्न क्षेत्रों, सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमियों और जनसांख्यिकीय समूहों में। एनईपी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करके समानता और समावेशन को बढ़ावा देना है कि सभी बच्चों को उनकी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच मिले। यह शिक्षा में भारतीय भाषाओं, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व पर भी जोर देता है। यह भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और उसका जश्न मनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि शिक्षा सभी छात्रों के लिए सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक है। शिक्षक प्रशिक्षण और विकास पर जोरः शिक्षकों को नई पद्धतियों के साथ संरेखित करने के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास और प्रशिक्षण मॉड्यूल पर बहुत जोर दिया गया है। निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिकाः एनईपी के समावेशी दृष्टिकोण और मिशन को साकार करने के लिए निजी क्षेत्र, विशेषकर उच्च शिक्षा में, की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि 70 प्रतिशत उच्च शिक्षा संस्थान (कॉलेज और विश्वविद्यालय) निजी क्षेत्र द्वारा चलाए जाते हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में लगभग 65% प्रतिशत छात्र निजी उच्च शिक्षा संस्थानों में नामांकित हैं। इसके अलावा, निजी क्षेत्र की भागीदारी बहुत आवश्यक वित्तीय संसाधन और नवाचार लाती है। इसलिए, सरकार और नियामक निकायों के लिए व्यावहारिक संस्थागत तंत्र बनाना जरूरी है जो निजी क्षेत्र के योगदान का उपयोग करेगा और उन्हें एनईपी प्रक्रिया में समान भागीदार के रूप में मान्यता देगा। एनईपी 2024 के संभावित नुकसान कार्यान्वयन चुनौतियाँः जबकि एनईपी 2024 उच्च शिक्षा सुधार के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की रूपरेखा तैयार करता है, इसका सफल कार्यान्वयन महत्वपूर्ण चुनौतियाँ पेश करता है। बुनियादी ढांचे की सीमाओं से लेकर नौकरशाही बाधाओं तक, नीति निर्देशों को कार्रवाई योग्य रणनीतियों में अनुवाद करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना और निरंतर निवेश की आवश्यकता होती है, जिसे व्यवहार में हासिल करना मुश्किल हो सकता है। एनईपी 2024 भारत की शिक्षा प्रणाली में सुधार और 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए अपने युवाओं को तैयार करने की दिशा में एक साहसिक कदम का प्रतिनिधित्व करता है। इसकी सफलता प्रभावी कार्यान्वयन और संभावित चुनौतियों का समाधान करने पर निर्भर करती है। सबसे बड़ी चुनौती कार्यान्वयन बाधाओं को दूर करना, डिजिटल विभाजन को पाटना, मूल्यांकन प्रथाओं की पुनर्कल्पना करना और शिक्षा के व्यावसायीकरण के खिलाफ सुरक्षा करना है। मानकीकृत परीक्षण दुविधाः मूल्यांकन के लिए समग्र दृष्टिकोण की वकालत करने के बावजूद, एनईपी 2024 अकादमिक प्रदर्शन के लिए एक बेंचमार्क के रूप में मानकीकृत परीक्षण पर निर्भरता बरकरार रखता है। आलोचकों का तर्क है कि यह छात्रों की व्यक्तिगत शक्तियों और सीखने की शैलियों की उपेक्षा करते हुए रटकर याद करने और परीक्षा-केंद्रित सीखने की संस्कृति को कायम रखता है। विशाल कार्यः सबसे पहले, भारत के शिक्षा क्षेत्र का विशाल आकार और विविधता कार्यान्वयन को एक कठिन कार्य बनाती है। उदाहरण के लिए, आइए अकेले स्कूली शिक्षा प्रणाली के आकार पर विचार करें। 15 लाख से अधिक स्कूलों, 25 करोड़ छात्रों और 89 लाख शिक्षकों के साथ, भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शिक्षा प्रणाली बनी हुई है। उच्च शिक्षा प्रणाली का आकार भी विशाल है। AISHE 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र में लगभग 1,000 विश्वविद्यालयों, 39,931 कॉलेजों और 10,725 स्टैंड-अलोन संस्थानों में 3.74 करोड़ छात्र शामिल हैं। इस प्रकार, इस मेगा शिक्षा नीति का देशव्यापी कार्यान्वयन एक विशाल अभ्यास होने जा रहा है जिसमें राज्य, जिला, उप-जिला और ब्लॉक स्तर पर कई हितधारक शामिल होंगे। नामांकन लक्ष्य हासिल करने में चुनौतीः चूंकि नीति का लक्ष्य 2035 तक सकल नामांकन अनुपात को दोगुना करना है, इसके लिए हर महीने एक नए विश्वविद्यालय के निर्माण की आवश्यकता होती है।अगले 15 वर्षों के लिए k, जो एक बड़ी चुनौती है। शिक्षकों की उपलब्धता और प्रशिक्षण का अभावः उन्नत पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंग से वितरित करने के लिए, भारत को सक्षम शिक्षकों के एक बड़े समूह की आवश्यकता है जो नए शैक्षणिक दृष्टिकोण से परिचित हों। चूंकि शिक्षक आम तौर पर एक अनुशासनात्मक एंकरिंग संस्कृति साझा करते हैं, इसलिए असाधारण कौशल वाले ऐसे शिक्षकों का होना मुश्किल है जो एक क्षेत्र में विशेषज्ञ हों और साथ ही अन्य विषयों में भी रुचि रखते हों। अपर्याप्त फंडिंगः प्रमुख पहलों के सफल क्रियान्वयन के लिए दशकों तक पर्याप्त वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता की आवश्यकता होती है। इस संबंध में एनईपी में कहा गया है कि नई नीति के लक्ष्यों को साकार करने के लिए देश को शिक्षा पर सार्वजनिक खर्च को सकल घरेलू उत्पाद के 6 प्रतिशत तक बढ़ाना होगा। एकाधिक प्रवेश और निकासः एनईपी में बड़ी छात्र आबादी के कारण भारत में एकाधिक प्रवेश और निकास विकल्पों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इससे उच्च शिक्षा में उच्च वार्षिक प्रवेश प्राप्त हो सकता है। विश्वविद्यालयों के लिए यह अनुमान लगाना मुश्किल हो सकता है कि कितने छात्र इसमें शामिल होंगे और बाहर निकलेंगे और सरकार को हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने और प्रमाणपत्र, डिप्लोमा और डिग्री जैसे विभिन्न स्तर के कार्यक्रमों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने की आवश्यकता है। शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर, समावेशिता और पहुंच को बढ़ावा देकर, और उन्नत सीखने के अनुभवों के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, एनईपी 2024 में भारत में शिक्षा के भविष्य को आकार देने में एक परिवर्तनकारी शक्ति बनने की क्षमता है। हालाँकि, इसके संभावित नुकसानों पर सावधानीपूर्वक विचार करना और उन्हें कम करने के लिए सक्रिय उपाय यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि यह वास्तव में एक उज्जवल, अधिक न्यायसंगत शैक्षिक परिदृश्य के अपने वादे को पूरा करता है।

सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब -

– :सौजन्य :–
ईवी ड्राइव द फ्यूचर
EV
Drive the Future

टोयोटा किर्लोस्कर ने महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक कार प्लांट के लिए 827 एकड़ जमीन की हासिल

परिवहन विशेष न्यूज

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर को इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड कारों के लिए समर्पित एक नई विनिर्माण सुविधा के लिए महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में 827 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। 31 जुलाई को टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और महाराष्ट्र सरकार के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। नया ग्रीनफील्ड प्लांट महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल टाउनशिप लिमिटेड परियोजना के तहत केंद्र और महाराष्ट्र सरकारों के बीच एक संयुक्त पहल के हिस्से के रूप में स्थापित किया जाएगा।

यह प्लांट दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे (डीएमआईसी) के बिडकिन नोड में स्थित होगा। इस स्मार्ट औद्योगिक शहर का लक्ष्य महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित करना है, और टोयोटा किर्लोस्कर इस परियोजना में 21,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा, और जनवरी 2026 में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

आधिकारिक बयान के अनुसार इस संयंत्र में सालाना 4 लाख इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन बनाए जाने की उम्मीद है, जिससे 8,000 प्रत्यक्ष रोजगार और 18,000 अतिरिक्त अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इस कदम को भारत के बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण बढ़ावा के रूप में देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस परियोजना का स्वागत करते हुए कहा कि यह परियोजना मोटर वाहन क्षेत्र में बदलाव लाएगी तथा वैश्विक ईवी बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी।

टोयोटा किर्लोस्कर की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, नया संयंत्र टिकाऊ विनिर्माण में योगदान देगा तथा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

पियाजियो और श्रीराम फाइनेंस ने 3 व्हीलर फाइनेंसिंग के लिए मिलाया हाथ

परिवहन विशेष न्यूज

इटली के पियाजियो समूह की सहायक कंपनी और भारत के छोटे वाणिज्यिक वाहन बाजार में एक खिलाड़ी पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने भारत भर में तिपहिया वित्तपोषण को और अधिक सुलभ बनाने के लिए श्रीराम फाइनेंस के साथ साझेदारी की है। पियाजियो में सीवी डोमेस्टिक बिजनेस और रिटेल फाइनेंस के कार्यकारी उपाध्यक्ष अमित सागर और श्रीराम फाइनेंस के संयुक्त प्रबंध निदेशक जीएम गिलानी की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

इस साझेदारी के तहत श्रीराम फाइनेंस पियाजियो के यात्री और कार्गो 3 व्हीलर के लिए कम डाउन पेमेंट, विशेष सौदे और आकर्षक ब्याज दरों की पेशकश करते हुए, विशेष वित्तपोषण विकल्प प्रदान करेगा। यह पहल महिला उद्यमियों का भी समर्थन करेगी, जो अपने वाणिज्यिक वाहन व्यवसाय को शुरू करने का लक्ष्य रखने वालों के लिए आसान वित्त विकल्प प्रदान करेगी।

इस सहयोग की एक प्रमुख विशेषता स्थायी पते के प्रमाण की कमी वाले उद्यमियों के लिए सरलीकृत ऋण प्रक्रिया है, जो अक्सर शहरों या गांवों के बीच जाने वालों के लिए एक चुनौती होती है। साझेदारी चार साल तक की लचीली ऋण अवधि और ₹20,000-₹25,000 से शुरू होने वाले कम डाउन पेमेंट की पेशकश करती है, जिसका उद्देश्य

3W स्वामित्व को और अधिक किफायती बनाना है।

अमित सागर ने इस साझेदारी के बारे में आशा व्यक्त की, तथा छोटे वाणिज्यिक वाहन खंड में वित्तपोषण की कमी को पूरा करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "श्रीराम फाइनेंस के साथ यह साझेदारी अधिक ग्राहकों को वित्तीय बाधाओं के बिना पियाजियो आपे वाहन खरीदने में सक्षम बनाएगी।"

जीएम गिलानी ने इस भावना को दोहराते हुए कहा, ₹पियाजियो के विश्वसनीय ब्रांड और हमारे अभिनव वित्त विकल्पों के साथ, हम 3W को और भी अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

जिप इलेक्ट्रिक का नुकसान 2.2 गुना बढ़कर हुआ 91 करोड़ रुपए

परिवहन विशेष न्यूज

इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी जिप इलेक्ट्रिक का नुकसान वित्त वर्ष 2024 में 2.2 गुना बढ़कर 91 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि इससे पहले के वित्त वर्ष में 40 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024 के फाइनेंसियल स्टेटमेंट्स के मुताबिक जिप इलेक्ट्रिक का ईबीआईटीडीए मार्जिन नकारात्मक 19.47 प्रतिशत रहा है।

वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का खर्च 2.6 गुना बढ़कर 394 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 152 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की संचालन से आय 293 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2023 में कंपनी की संचालन से आय करीब 109 करोड़ रुपये थी।

जिप इलेक्ट्रिक की स्थापना 2017 में हुई थी। कंपनी के मुताबिक उसके पास 22,000 वाहनों की एक एक्टिव फ्लीट है। वाहनों से किराया और डिलीवरी सर्विसेज कंपनी की आय का मुख्य जरिया है।

इस साल मई में जिप इलेक्ट्रिक की ओर से 15 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया गया था। कंपनी की योजना 2026 तक इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की फ्लीट को बढ़ाकर 2,00,000 करना और अपने ऑपरेशन का विस्तार 15 शहरों तक करना था।

इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व जापानी निवेशक कंपनी ईएनईओएस की ओर से किया गया था। इसके अलावा 9यूनिकॉर्न, आईएएन फंड और अन्य निवेशकों ने इस फंडिंग राउंड में भाग लिया था। जिप इलेक्ट्रिक की ओर से हाल ही में मुंबई और हैदराबाद में ऑपरेशन लॉन्च किए गए हैं। कंपनी द्वारा जनवरी 2023 से लेकर मार्च 2023 के बीच 50 मिलियन से ज्यादा डिलीवरी की गई हैं।

जिप इलेक्ट्रिक ने अब तक 80 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए हैं, जिसमें फरवरी 2023 में ताइवानी ईवी निर्माता गोगोरो के नेतृत्व में जुटाए गए 25 मिलियन डॉलर भी शामिल हैं। इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी वर्तमान में जोमैटो, स्विगी, अमेजन, फ्लिपकार्ट सहित 50 से अधिक दिग्गज कंपियों के लिए डिलीवरी और राइड-शेयरिंग सेवाओं का प्रबंधन करती है।

बिहार के उद्यमी की पहली सेमीकंडक्टर कंपनी के संस्थापक ने क्यों कहा बिहार को 'निराशा की भूमि', बिहार में स्टार्टअप शुरू करना मेरी जिंदगी का सबसे बुरा फैसला'

परिवहन विशेष न्यूज

सुरेश चिप्स एंड सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ चंदन राज ने बिहार में कारोबार करने के अपने कठोर अनुभव को साझा करते हुए इसे अपने जीवन का ₹सबसे बुरा फैसला₹ बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹बिहार - हताशा की भूमि। सेमीकंडक्टर/वीएलएसआई कंपनी के रूप में यहां जीवित रहने के लिए बहुत सारी समस्याएं और संघर्ष हैं।"

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सेमीकंडक्टर की कंपनी के फाउंडर की पोस्ट काफी वायरल हो रही है। इसमें कंपनी के फाउंडर चंदन राज ने लिखा है कि उन्होंने सरकारी अधिकारियों की बेरुखी के कारण कई क्लाइंट खो दिए हैं। उन्होंने लिखा है कि बिहार में कंपनी शुरू करना उनके जीवन का सबसे बुरा फैसला था।

चंदन राज ने बिहार की पहली सेमीकंडक्टर कंपनी सुरेश चिप्स एंड सेमीकंडक्टर प्राइवेट लिमिटेड शुरू की थी। वह इस कंपनी के फाउंडर और सीईओ हैं। वह अपनी पोस्ट में बताते हैं जहां उनकी कंपनी है, उस जगह बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर की काफी कमी है। न सड़क है और न स्ट्रीट लाइट। साथ ही वहां और भी कई समस्याएं हैं। इस कारण उन्होंने कई क्लाइंट खो दिए क्योंकि उन क्लाइंट ने इन समस्याओं के चलते उनकी कंपनी के साथ काम करने से इनकार कर दिया था।

चंदन का जहां ऑफिस है, वह रास्ता काफी खराब है। उनकी पोस्ट पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। वह काफी लोगों को जवाब भी दे रहे हैं। चंदन ने बिहार को 'निराशा की भूमि' बताया है। उन्होंने लिखा कि सेमीकंडक्टर/वीएलएसआई कंपनी के रूप में यहां जिंदा रहने के लिए बहुत सारी समस्याएं और संघर्ष हैं।

उन्होंने लिखा है कि वे पिछले चार साल से सड़क और बुनियादी ढांचे का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन किसी से कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने लिखा है, 'मुझे लगता है कि बिहार सरकार सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को नहीं समझती है।'

आईआईटी के पूर्व छात्र आशुतोष नंदन ने सोशल मीडिया पर शिपसेमी के मुख्यालय की एक तस्वीर साझा की, जिसमें बताया गया कि राज दो साल से बुनियादी ढांचे में सुधार करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। नंदन ने पूछा, ₹क्या बिहार सरकार इतनी अक्षम हो गई है कि वह सड़क और स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगवा सकती?"

यह भावना अकेली नहीं है। बिहार लगातार व्यापार करने में आसानी के लिए राष्ट्रीय रैंकिंग में पिछड़ रहा है, 2022 में राज्यों में 26वें स्थान पर है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय भी देश में सबसे कम है। जबकि भारत ने औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, बिहार की औद्योगिक रैंकिंग निराशाजनक रूप से कम है, जो बुनियादी ढाँचे की कमी और नौकरशाही की अक्षमताओं से बाधित है।

एक यूजर के कमेंट पर प्रतिक्रिया देते हुए चंदन ने उस ईमेल का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जो उन्होंने बुनियादी सुविधाओं को सही करने के लिए संबंधित अधिकारियों को लिखा था। इस ईमेल में उन्होंने लिखा है, 'उनके क्षेत्र में सही ढंग की सड़क नहीं है। पंचायत से जुड़े अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं लेते हैं। मैंने रास्ते को मिट्टी से भर दिया था, लेकिन बारिश में यह मिट्टी बह गई।'

चंदन ने ईमेल में लिखा है कि वह अपनी समस्या लेकर लगभग हर सरकारी ऑफिस गए। नेताओं के चक्कर लगाए, लेकिन कहीं से कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने लिखा कि काम के बदले उनसे पैसा मांगा जाता है। उन्होंने लिखा कि बिहार में कारोबार करना मुश्किल होता दिखाई दे रहा है।

चंदन की यह पोस्ट वायरल होने के बाद मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन का जवाब आया। इसमें लिखा है कि उनके ऑफिस के रास्ते का निर्माण दशहरा के बाद शुरू कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा है, 'मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में उक्त पथ के निर्माण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति पूर्व में ही दी जा चुकी है। दशहरा के तुरंत बाद उक्त पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा।' इस पोस्ट के बाद चंदन ने जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया।

न्यूगो ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक ईवी बस यात्रा की शुरू

परिवहन विशेष न्यूज

ग्रीनसेल मोबिलिटी की ओर से भारत के अग्रणी इलेक्ट्रिक बस ब्रांड न्यूगो ने ऐतिहासिक कश्मीर से कन्याकुमारी (ई-के2के) इलेक्ट्रिक बस अभियान की शुरुआत की है। यह महाकाव्य यात्रा भारत में संधारणीय जन गतिशीलता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण छलांग है। इस अभियान के साथ न्यूगो इस तरह की रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का पहला ईवी बस ब्रांड बनने के लिए तैयार है। न्यूगो का लक्ष्य समुद्र तल से 3,500 फीट ऊपर से समुद्र तट तक 4,000+ किलोमीटर की दूरी तय करना है।

बस 200 से ज़्यादा शहरों और कस्बों से गुज़रते हुए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बनेगी और साथ ही स्थिरता का संदेश भी फैलाएगी। ई-के2के बस अपनी पूरी यात्रा में कई सार्थक गतिविधियों में भाग लेकर सकारात्मक प्रभाव डालेगी, जैसे कि छात्र कार्यशालाएँ, वृक्षारोपण अभियान, सफ़ाई पहल, सुरक्षा-थीम वाले नुक्कड़ नाटक और रास्ते में कई और प्रभावशाली कार्यक्रम - जो वास्तव में ₹ई-बस जो अच्छा करती है₹ की भावना को मूर्त रूप देते हैं।

न्यूगो की ई-के2के इलेक्ट्रिक बस के पश्चिमी चरण को भारत सरकार के माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन

गडकरी ने नागपुर से हरी झंडी दिखाई।

माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा, ₹मुझे खुशी है कि न्यूगो ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक की ऐतिहासिक इलेक्ट्रिक बस यात्रा शुरू की है, जो इलेक्ट्रिक मास मोबिलिटी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 4,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करती है और छात्रों और समुदायों के साथ विभिन्न प्रभावशाली गतिविधियों का आयोजन भी करती है, क्योंकि यह 200 से अधिक कस्बों और शहरों से होकर गुज़रती है। इलेक्ट्रिक बसें आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ, अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और भारत सरकार ने भी इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने का पुरज़ोर समर्थन किया है। न्यूगो की ई-के2के यात्रा देश के चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में महत्वपूर्ण सुधारों और लंबी दूरी की यात्रा के लिए इलेक्ट्रिक बसों की व्यवहार्यता का प्रमाण है। यह पहल भारत की नवाचार और हरित प्रौद्योगिकी के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।"

ग्रीनसेल मोबिलिटी के सीईओ और एमडी श्री देवेन्द्र चावला ने भी भारत में ग्रीन मास मोबिलिटी समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। "न्यूगो की महत्वाकांक्षी ई-के2के यात्रा हमें कश्मीर से कन्याकुमारी तक 4,000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करवाएगी, जो विभिन्न इलाकों में इलेक्ट्रिक बसों की लचीलापन का प्रदर्शन करेगी। यह अभियान सिर्फ़ रिकॉर्ड तोड़ने वाली उपलब्धि से कहीं अधिक है। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। 200 से ज़्यादा शहरों और कस्बों से गुज़रते हुए, यात्रा का उद्देश्य यात्रा के स्वच्छ तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और ईवी बसों में बदलाव के लिए प्रेरित करना है। विभिन्न प्रभावशाली गतिविधियों में शामिल होकर ई-के2के बस वास्तव में ई-बस की भावना को मूर्त रूप देती है जो अच्छा करती है।"

यह यात्रा 4 अक्टूबर को जम्मू से शुरू हुई थी। खूबसूरत घाटियों से लेकर चहल-पहल वाले शहरों तक इस अभियान को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, साथ ही अलग-अलग इलाकों में इलेक्ट्रिक बसों की व्यावहारिकता का प्रदर्शन भी किया गया है। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ेगी, न्यूगो की इलेक्ट्रिक बसें भारत भर के समुदायों को प्रेरित करती रहेंगी। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लाभों और लोगों और ग्रह के लिए स्वच्छ परिवहन समाधानों को अपनाने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएँगी।

न्यूगो इलेक्ट्रिक बसें सुरक्षा और आराम के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं, जो मेहमानों को एक बेहतरीन यात्रा अनुभव प्रदान करती हैं, और साथ ही पर्यावरण पर कम प्रभाव डालती हैं।

दशहरा-दिवाली पर मिलने वाले डिस्काउंट ऑफर के कारण हो सकता है नुकसान, गाड़ी खरीदते समय रखें कुछ बातों का ध्यान

भारत में हर साल दिवाली, दशहरा नवरात्रि के मौके पर लाखों की संख्या में वाहनों की बिक्री की जाती है। लेकिन कई बार लोग कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं जिनके कारण बाद में परेशानी होती है। Festive Season के दौरान गाड़ी खरीदते समय किन बातों का ध्यान रखना काफी जरूरी हो जाता है। आइए जानते हैं।

नई दिल्ली। भारत में हर साल नवरात्र, दशहरा और दीवाली के मौके पर लाखों की संख्या में वाहनों की बिक्री की जाती है। कई बार लोग ऑफर्स के कारण गाड़ी खरीदने में कुछ गलतियां कर देते हैं और बाद में उनको परेशानी होती है। Festive Season के दौरान नई गाड़ी खरीदते समय किस तरह की गलतियों को करने से बचना (Car Buying Tips) चाहिए। हम आपको इस खबर में बता रहे हैं।

ऑफर्स से न हों प्रभावित

फेस्टिव सीजन के दौरान लगभग हर कंपनी की ओर से अपने वाहनों पर Discount Offers दिए जाते हैं। जिस कारण गाड़ी को खरीदना काफी आसान और सस्ता लगता है। लेकिन ज्यादातर लोग ऐसे ही ऑफर्स के कारण गाड़ी को खरीद लेते हैं और बाद में परेशान होते हैं। इसलिए कभी भी वाहन निर्माताओं की ओर से दिए जाने वाले डिस्काउंट ऑफर्स से प्रभावित होकर गाड़ी न खरीदें।

कम मांग वाले मॉडल पर ज्यादा डिस्काउंट

आमतौर पर कंपनियों की ओर से ऐसे उत्पादों पर ज्यादा डिस्काउंट ऑफर किया जाता है। जिनकी बिक्री सामान्य दिनों में कम रहती है। ज्यादा मांग वाले मॉडल्स की बिक्री तेजी से होती है और इस कारण कम मांग वाले मॉडल्स शोरूम और स्टॉक यार्ड में खड़े रह जाते हैं। जिस कारण डीलर्स की परेशानी भी बढ़ जाती है। इसलिए कम मांग वाले मॉडल्स पर कई बार ज्यादा डिस्काउंट देकर ग्राहकों को लुभाने की कोशिश की जाती है।

कैसे उठा सकते हैं फायदा

अगर आपको भी फेस्टिव सीजन के दौरान नई गाड़ी खरीदनी है तो फिर कुछ समय पहले से ही तैयारी करनी चाहिए। नई गाड़ी को खरीदने से पहले अपना बजट और जरुरत को समझना चाहिए। इसके बाद गाड़ी का चुनाव करना चाहिए। एक बार बजट, जरुरत और गाड़ी का चुनाव करने के बाद ईएमआई, डाउनपेमेंट की पहले से ही तैयारी कर लेना बेहतर रहता है। इसके बाद अगर आपकी पसंद वाली गाड़ी पर फेस्टिव सीजन के दौरान कंपनियों की ओर से डिस्काउंट ऑफर दिए जाते हैं तो इससे आपको ज्यादा फायदा मिलता है। वहीं Festive Season के दौरान बिना वेटिंग पीरियड गाड़ी घर लाने में भी किसी तरह की समस्या नहीं होती।

क्वांटम भौतिकी प्रयोग में 'नकारात्मक समय' का प्रमाण मिला

विजय गर्ग

नए अध्ययन के बारे में एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में टोरंटो विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञानी एफ्रैम स्टीनबर्ग ने लिखा, जिसे 5 सितंबर को प्रीप्रिंट सर्वर arXiv.org पर अपलोड किया गया था और अभी तक सहकर्मी-समीक्षा नहीं की गई है। इस काम का विचार 2017 में सामने आया। उस समय, स्टाइनबर्ग और एक प्रयोगशाला सहयोगी, तत्कालीन डॉक्टरेट छात्र जोशिया सिंक्लेयर, प्रकाश और पदार्थ की बातचीत में रुचि रखते थे, विशेष रूप से परमाणु उत्तेजना नामक एक घटना: जब फोटॉन एक माध्यम से गुजरते हैं और मिलते हैं अवशोषित, उस माध्यम में परमाणुओं के चारों ओर घूमने वाले इलेक्ट्रॉन उच्च ऊर्जा स्तर पर पहुंच जाते हैं।

भौतिकविदों ने दिखाया है कि फोटॉन किसी सामग्री में प्रवेश करने से पहले उससे बाहर निकल सकते हैं, जिससे नकारात्मक समय के अवलोकन संबंधी साक्ष्य का पता चलता है नीली गति पृष्ठभूमि के साथ समय सार घड़ी चेहरा। क्वांटम क्षेत्र में समय नकारात्मक मान ले सकता है। क्वांटम भौतिकी क्वांटम भौतिक विज्ञानी अजीब, प्रतीत होने वाली निरर्थक घटनाओं से परिचित हैं: परमाणु और अणु कभी-कभी कणों के रूप में कार्य करते हैं, कभी-कभी तरंगों के रूप में; कणों को ₹दूरी पर डरावनी क्रिया₹ द्वारा, यहां तक कि लंबी दूरी पर भी, एक दूसरे से जोड़ा जा सकता है; और क्वांटम वस्तुएं अपने गुणों से खुद को अलग कर सकती हैं जैसे ऐलिस एडवेंचर्स इन वंडरलैंड की चेशायर कैट खुद को अपनी मुस्कराहट से अलग करती है। अब टोरंटो विश्वविद्यालय के डेनिएला अंगुलो के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने एक और अजीब क्वांटम परिणाम का खुलासा किया है: फोटॉन, प्रकाश के तरंग-कण, ठंडे परमाणुओं के बादल के माध्यम से घूमने में नकारात्मक समय बिता सकते हैं। दूसरे शब्दों में, फोटॉन किसी सामग्री में प्रवेश करने से पहले उससे बाहर निकलते दिख सकते हैं। ₹इसमें सकारात्मक समय लगा, लेकिन हमारा प्रयोग यह देखता है कि फोटॉन परमाणुओं को उत्तेजित अवस्था में *नकारात्मक* समय बिताने के लिए मजबूर कर सकते हैं !₹ नए अध्ययन के बारे में एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में टोरंटो विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञानी एफ्रैम स्टीनबर्ग ने लिखा, जिसे 5 सितंबर को प्रीप्रिंट सर्वर arXiv.org पर अपलोड किया गया था और अभी तक सहकर्मी-समीक्षा नहीं की गई है। इस काम का विचार 2017 में सामने आया। उस समय, स्टाइनबर्ग और एक प्रयोगशाला सहयोगी, तत्कालीन डॉक्टरेट छात्र जोशिया सिंक्लेयर, प्रकाश और पदार्थ की बातचीत में रुचि रखते थे, विशेष रूप से परमाणु उत्तेजना नामक एक घटना: जब फोटॉन एक माध्यम से गुजरते हैं और मिलते हैं अवशोषित, उस माध्यम में परमाणुओं के चारों ओर घूमने वाले इलेक्ट्रॉन उच्च ऊर्जा स्तर पर पहुंच जाते हैं। जब ये उत्तेजित इलेक्ट्रॉन अपनी मूल स्थिति में पहुँच जाते हैं, तो वे उस अवशोषित ऊर्जा को उत्सर्जित फोटॉन के रूप में छोड़ देते हैं, जिससे माध्यम के माध्यम से प्रकाश के देखे गए पारगमन समय में देरी होती है। सिनक्लेयर की टीम उस समय विलंब को मापना चाहती थी (जिसे कभी-कभी तकनीकी रूप से ₹समूह विलंब₹ कहा जाता है) और यह जानना चाहता था कि क्या यह उस फोटॉन के भाग्य पर निर्भर करता है: क्या यह परमाणु बादल के अंदर बिखरा हुआ और अवशोषित था, या यह बिना किसी बातचीत के प्रसारित हुआ था ? सिनक्लेयर कहते हैं, ₹उस समय, हम निश्चित नहीं थे कि उत्तर क्या है, और



हमें लगा कि किसी चीज़ के बारे में इतना बुनियादी प्रश्न का उत्तर देना आसान होना चाहिए।₹ ₹लेकिन जितने अधिक लोगों से हमने बात की, उतना ही अधिक हमें एहसास हुआ कि हालांकि हर किसी के पास अपना अंतर्ज्ञान या अनुमान था, लेकिन सही उत्तर क्या होगा, इस पर कोई विशेषज्ञ सहमति नहीं थी।₹ क्योंकि इन देरी की प्रकृति इतनी अजीब और प्रतिकूल हो सकती है, कुछ शोधकर्ताओं ने प्रकाश से जुड़ी किसी भी भौतिक संपत्ति का वर्णन करने के लिए इस घटना को प्रभावी रूप से अर्थहीन करार दिया था। तीन साल की योजना के बाद, उनकी टीम ने प्रयोगशाला में इस प्रश्न का परीक्षण करने के लिए एक उपकरण विकसित किया। उनके प्रयोगों में अल्ट्राकोल्ड रूबिडियम परमाणुओं के एक बादल के माध्यम से फोटॉन की शूटिंग और परमाणु उत्तेजना की परिणामी डिग्री को मापना शामिल था। प्रयोग से दो आश्चर्य सामने आए: कभी-कभी फोटॉन बिना किसी क्षति के गुजर जाते थे, फिर भी रूबिडियम परमाणु उत्तेजित हो जाते थे - और तब तक जब तक कि उन्होंने उन फोटॉनों को अवशोषित कर लिया हो। अजीब बात है, जब फोटॉन को अवशोषित किया जाता था, तो वे लगभग तुरंत ही उत्सर्जित होते प्रतीत होते थे, रुबिडियम परमाणुओं के अपनी जमीनी स्थिति में लौटने से काफी पहले - जैसे कि फोटॉन, औसतन, परमाणुओं को तेजी से छोड़ रहे थेअपेक्षित। इसके बाद टीम ने स्पष्टीकरण तैयार करने के लिए ऑस्ट्रेलिया में ग्रिफ़िथ विश्वविद्यालय के सैद्धांतिक और क्वांटम भौतिक विज्ञानी हॉवर्ड वाइसमैन के साथ सहयोग किया। उभरे हुए सैद्धांतिक ढांचे से पता चला कि परमाणु उत्तेजना के रूप में इन संचरित फोटॉनों द्वारा बिताया गया समय प्रकाश द्वारा प्राप्त अपेक्षित समूह विलंब के साथ पूरी तरह से मेल खाता है - यहां तक कि उन मामलों के लिए भी जहां ऐसा लगता था कि परमाणु उत्तेजना कम होने से पहले फोटॉनों को फिर से उत्सर्जित किया गया था। निरर्थक खोज को समझने के लिए, आप फोटॉन को फजी क्वांटम ऑब्जेक्ट के रूप में सोच सकते हैं, जिसमें परमाणु उत्तेजना के माध्यम से किसी भी फोटॉन का अवशोषण और पुनः उत्सर्जन एक निश्चित निश्चित समय पर होने की गारंटी नहीं है; बल्कि, यह लौकिक मूल्यों की एक घिसी-पिटी, संभाव्य सीमा में घटित होता है। जैसा कि टीम के प्रयोगों से पता चला है, ये मान ऐसे उदाहरणों को शामिल कर सकते हैं जब किसी व्यक्तिगत फोटॉन का पारगमन समय तात्कालिक होता है - या, विचित्र रूप से, जब यह परमाणु उत्तेजना समाप्त होने से पहले समाप्त होता है, जो एक नकारात्मक मूल्य देता है। ₹मैं आपसे वादा कर सकता हूं कि हम इस भविष्यवाणी से पूरी तरह से आश्चर्यचकित थे,₹ सिंक्लेयर कहते हैं, समूह में देरी और प्रेषित फोटॉन द्वारा परमाणु उत्तेजना के रूप में बिताए गए समय के बीच मिलान का जिक्र करते हुए। ₹और जैसे ही हमें विश्वास हो गया कि हमने कोई गलती नहीं की है, स्टाइनबर्ग और टीम के बाकी सदस्य - मैं इस बिंदु तक [मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी] में पोस्टडॉक करने के लिए आगे बढ़ चुका था - एक अनुसरण करने की योजना बनाना शुरू कर दिया नकारात्मक निवास समय की इस पागल भविष्यवाणी का परीक्षण करने के लिए - up प्रयोग करें और देखें कि क्या सिद्धांत कायम रहेगा। वह अनुवर्ती प्रयोग, जो एंगुलो के नेतृत्व में था, जिसे स्टाइनबर्ग ने एक्स पर प्रचारित किया था, एक फोटॉन को प्रसारित करने के दो तरीकों पर विचार करके समझा जा सकता है। एक में, फोटॉन विभिन्न प्रकार के ब्लाइंडर्स पहनता है और परमाणु को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देता है, यहां तक कि बिना सिर हिलाए भी निकल जाता है। दूसरे में, यह परमाणु के साथ संपर्क करता है, उसे पुनः उत्सर्जित होने से पहले उच्च ऊर्जा स्तर तक बढ़ाता है। ₹जब आप एक संचरित फोटॉन देखते हैं, तो आप नहीं जान सकते कि इनमें से कौन सा घटित हुआ,₹ स्टाइनबर्ग कहते हैं, क्योंकि फोटॉन क्वांटम क्षेत्र में क्वांटम कण हैं, दो परिणाम सुपरपोजिशन में हो सकते हैं - दोनों चीजें एक ही समय में हो सकती हैं . ₹मापने वाला उपकरण शून्य को मापने और कुछ छोटे सकारात्मक मान को मापने की सुपरपोजिशन में समाप्त होता है।₹ लेकिन इसके अनुरूप, स्टाइनबर्ग कहते हैं, इसका मतलब यह भी है कि कभी-कभी ₹मापने वाला उपकरण ऐसी स्थिति में समाप्त होता है जो 'शून्य' प्लस 'कुछ सकारात्मक' जैसा नहीं दिखता है, बल्कि 'शून्य' शून्य 'कुछ सकारात्मक' जैसा दिखता है, जिसके परिणामस्वरूप जो दिखता है वह गलत होता है इस उत्तेजना समय के लिए संकेत, एक नकारात्मक मान।₹ एंगुलो और उनके सहयोगियों के प्रयोग में माप के परिणाम बताते हैं कि जब परमाणु अपनी जमीनी अवस्था में रहते थे, तब की तुलना में जब फोटॉन परमाणुओं को उत्तेजित करते थे, तो वे माध्यम से तेजी से आगे बढ़ते थे। (फोटॉन किसी भी जानकारी का संचार नहीं कर रहे हैं, इसलिए परिणाम आइंस्टीन के सापेक्षता के विशेष सिद्धांत द्वारा निर्धारित ₹कोई भी चीज़ प्रकाश से तेज़ यात्रा नहीं कर सकती₹ गति सीमा का खंडन नहीं करती है।) ₹एक नकारात्मक समय विलंब विरोधाभासी प्रतीत हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह है कि यदि आपने यह मापने के लिए एक 'क्वांटम' घड़ी बनाई है कि परमाणु उत्तेजित अवस्था में कितना समय व्यतीत कर रहे हैं, तो घड़ी की सुई, कुछ परिस्थितियों में, आगे की बजाय पीछे की ओर बढ़ेगी , सिंक्लेयर कहते हैं। दूसरे शब्दों में, वह समय जिसमें फोटॉन परमाणुओं द्वारा अवशोषित किए गए थे, नकारात्मक है। भले ही यह घटना आश्चर्यजनक है, इसका समय की हमारी समझ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है - लेकिन यह एक बार फिर स्पष्ट करता है कि क्वांटम दुनिया अभी भीमेरे पास भंडार में आश्चर्य है। "[अंगुलो] और बाकी टीम ने वास्तव में कुछ प्रभावशाली हासिल किया है और माप का एक सुंदर सेट तैयार किया है। उनके नतीजे अवशोषण मीडिया के माध्यम से यात्रा करने वाले फोटॉन के इतिहास के बारे में दिलचस्प सवाल उठाते हैं और प्रकाशिकी में समूह देरी के भौतिक अर्थ की पुनर्व्याख्या की आवश्यकता होती है, ₹सिनक्लेयर कहते हैं। इस लेख का एक संस्करण मूल रूप से स्पेक्ट्रम डेर विसेनशाफ्ट में प्रकाशित हुआ था और अनुमति के साथ पुनः प्रस्तुत किया गया था। अधिकार एवं अनुमतियाँ मैनन बिशोफ़ एक सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी और साइंटिफिक अमेरिकन के भागीदार प्रकाशन स्पेक्ट्रम के संपादक हैं। मैनन बिस्चॉफ़ द्वारा और अधिक जेना ब्रायनर साइंटिफिक अमेरिकन की प्रबंध संपादक हैं। पहले वह लाइव साइंस की प्रधान संपादक थीं और उससे पहले, स्कोलास्टिक्स साइंस वर्ल्ड पत्रिका की संपादक थीं। ब्रायनर के पास सैलिसबरी विश्वविद्यालय से अंग्रेजी की डिग्री, मैरीलैंड विश्वविद्यालय से जैव-भू-रसायन और पर्यावरण विज्ञान में मास्टर डिग्री और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय से स्नातक विज्ञान पत्रकारिता की डिग्री है। उन्होंने फ्लोरिडा में एक जीवविज्ञानी के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने आर्द्रभूमि की निगरानी की और भव्य फ्लोरिडा स्क्रब जे सहित लुप्तप्राय प्रजातियों के लिए क्षेत्रीय सर्वेक्षण किया। उन्हें वुड्स होल ओशनोग्राफ़िक इंस्टीट्यूशन से समुद्री विज्ञान पत्रकारिता फ़ेलोशिप भी प्राप्त हुई। उनका दृढ़ विश्वास है कि विज्ञान सभी के लिए है और लगभग हर चीज़ को विज्ञान के चश्मे से देखा जा सकता है।

सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब
मोबाइल नंबर 9465682110

राय

आकांक्षाओं के बोझ तले दबते युवा

इन दिनों विद्यार्थियों के बीच आत्महत्या की खबरें बढ़ रही हैं। पिछले पांच वर्षों में आत्महत्या करने वालों में प्रतियोगी परीक्षाओं में विफल होने के अलावा, आइआइटी में पढ़ने वाले और 'नीट' पास करके मेडिकल की पढ़ाई करने वाले भी शामिल हैं। तो क्या प्रतियोगी परीक्षा पास करने से खुश होने की जगह तनाव से छात्र परेशान हैं?

दिल्ली से लेकर कानपुर और कोटा तक कोचिंग का बाजार फैल चुका है। अब कोचिंग संस्थान छात्रों को अपने 'लोगो' वाला बैग और टी-शर्ट भी पहना रहे हैं। इनमें ज्यादा संख्या उन छात्रों की है, जो मेडिकल इंजीनियरिंग से अलग कुछ करना चाहते थे, लेकिन माता- पिता के दबाव में डाक्टर, कंप्यूटर इंजीनियर बन कर और सरकारी नौकरी के भंवर जाल में घूम रहे हैं। स्कूल से लेकर कोचिंग तक सिमटी दिनचर्या में बच्चों के पास अपनी प्रतिभा पहचानने का मौका नहीं है, बस 'टेस्ट' की तैयारी का दबाव है। क्या अभिभावक कभी रुक कर सोचते हैं कि बच्चे से भी पूछ लिया जाए कि वह इस रास्ते चलना चाहता है या नहीं? होता यह है कि बड़ी संख्या में गांवों से शहर आए अभिभावक, अपने अतीत के चश्मे से बच्चों का भविष्य देखने की कोशिश करते हैं। ऐसे में अनजाने ही बच्चे, उनको अपना सपना पूरा करने का साधन दिखते हैं।

अगर मां-बाप अपनी अधूरी ख्वाहिशें बच्चों पर लादने का प्रयास करते हैं, ऐसी स्थिति में बच्चों में एक असमंजस बना रहता है कि वह अपने मन का काम करें या माता-पिता का कहा मानें? इस तरह उनकी अपनी प्रतिभा दब जाती है और वे भावनात्मक रूप से कमजोर हो जाते हैं। विफलता का हल्का झटका भी उन्हें गंभीर तनाव की स्थिति में ला देता है। अभिभावकों को याद रखना चाहिए कि 2019-2023 3 के बीच आठ हजार से अधिक छात्रों ने आइआइटी की पढ़ाई बीच में छोड़ दी, आइआइएम में भी आठ सौ से अधिक छात्रों ने अपनी पढ़ाई पूरी नहीं की और संस्थान छोड़ दिया। वैसे, छात्र तनाव की जिंदगी जीने के बजाय अपनी पसंद का रचनात्मक कार्य करें और अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करें, तो अभिभावकों को खुश होना चाहिए।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के मुताबिक 2021 में तेरह हजार से अधिक विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर ली। यानी हर महीने एक हजार से अधिक ने ने मृत्यु का वरण किया। जिस देश में मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए गलाकाट प्रतियोगिता हो, वहां आखिर क्यों पिछले पांच वर्षों में 119 मेडिकल छात्रों ने आत्महत्या कर ली ? अगर किसी उत्कृष्ट संस्थान में प्रवेश के लिए प्रतियोगिता में उत्तीर्ण होना ही जीवन में खुशहाली का पैमाना है, तो फिर आइआइटी, एनआइटी और आइआइएम से भी आत्महत्या तथा पढ़ाई बीच में छोड़ने की खबरें क्यों आ रही हैं? देश में आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों में लड़के-लड़कियां दोनों शामिल हैं। इसमें भी लड़कों की संख्या लड़कियों से अधिक है। 2019 के आंकड़े देखें, तो उस वर्ष दस हजार से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की थी, जिसमें लगभग चौवन फीसद लड़के और छियालीस फीसद लड़कियां थीं। देश में छात्रों के बीच आत्महत्या की दर पांच वर्ष में पैंतीस फीसद से अधिक बढ़ी है। क्या इन संकेतों से अभिभावक और समाज कोई सबक सीख रहे हैं? क्या छात्रों के जीवन में स्कूल, कोचिंग, घर के अलावा खेलने और सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए समय मिल रहा है ?

अभिभावकों के दबाव के साथ-साथ सामाजिक अपेक्षाओं पर खरा उतरने की परीक्षा के चलते छात्र अपनी पसंद का व्यवसाय और पढ़ाई नहीं चुन पाते हैं। कुछ समय बाद उन्हें लगने लगता है कि वे जो कार्य कर रहे हैं, वास्तव में उससे उन्हें खुशी नहीं मिल रही है। कोरोना के बाद दुनिया भर में लोगों ने अपनी नियमित नौकरी छोड़ दी और अपनी पसंद का काम शुरू किया। जर्मनी, अमेरिका और जापान के साथ भा में भी 'फ्लेक्सिबल वर्किंग आवर' का चलन शुरू हुआ है।

विदेश में चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा देना

विजय गर्ग

कई देश विश्व स्तरीय चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने, उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण, अनुसंधान के अवसर और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त डिग्री प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां महत्वाकांक्षी डॉक्टरों के लिए कुछ सर्वोत्तम देश दिए गए हैं: चिकित्सा शिक्षा भारत और दक्षिण एशिया के छात्रों के लिए अत्यधिक मांग वाला क्षेत्र है, और शैक्षिक गुणवत्ता और कैरियर की संभावनाओं दोनों के लिए सही गंतव्य का चयन करना महत्वपूर्ण है। भारत में, 24 लाख से अधिक छात्र NEET के माध्यम से सिर्फ 1 लाख एमबीबीएस सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस तीव्र प्रतिस्पर्धा ने कई लोगों को अंतर्राष्ट्रीय विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित किया है। ऐतिहासिक रूप से, यूके एक पसंदीदा विकल्प था, लेकिन हाल के वर्षों में, अन्य देश चिकित्सा उम्मीदवारों के लिए शीर्ष गंतव्य के रूप में उभरे हैं। एक चिकित्सा गंतव्य के रूप में ब्रिटेन का पतन आजादी से पहले, यूके भारतीय मेडिकल छात्रों के लिए एक प्रमुख गंतव्य था। हालाँकि, भारत की आज़ादी से पहले, यूके मेडिकल छात्रों के लिए एक प्रमुख गंतव्य था। हालाँकि, 1970 के दशक के अंत में ब्रिटेन द्वारा भारतीय मेडिकल डिग्रियों को मान्यता देना बंद करने के बाद, रुचि कम हो गई और छात्रों ने रूस जैसे अन्यत्र देखना शुरू कर दिया। रूस की लोकप्रियता के बावजूद, भाषा बाधा और रूसी-माध्यम कार्यक्रमों की व्यापकता ने भारतीय छात्रों के लिए अनुकूलन को कठिन बना दिया, जिससे कई लोगों को अन्य विकल्पों की तलाश करनी पड़ी। मेडिकल हब के रूप में चीन का उदय 2000 के दशक की शुरुआत में, चीन ने अपने मजबूत बुनियादी ढांचे, किफायती ट्यूशन और प्रासंगिक पाठ्यक्रम के कारण प्रमुखता हासिल की। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को आकर्षित करने के लिए अंग्रेजी माध्यम के कार्यक्रम शुरू किए गए। हालाँकि, कोविड-19 महामारी के बाद यात्रा प्रतिबंधों और नए भारतीय नियमों ने बाधाएँ पैदा की हैं, क्योंकि चीन वर्तमान में अंग्रेजी में लाइसेंसिंग परीक्षा की पेशकश नहीं करता है, जिससे भारतीय छात्रों के लिए वापसी का मार्ग जटिल हो गया है। फिलीपींस: एक लोकप्रिय विकल्प फिलीपींस अपने अंग्रेजी-आधारित पाठ्यक्रम और भारत की विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा (एफएमजीई) में उच्च सफलता दर के कारण एक लोकप्रिय विकल्प बन गया है। यह भारत में चिकित्सा अभ्यास में सहज परिवर्तन चाहने वाले छात्रों के लिए इसे एक मजबूत विकल्प बनाता है। हालाँकि, क्लिनिकल एक्सपोज़र क्षेत्र और मेडिकल स्कूल के आधार पर भिन्न हो सकता है, कुछ स्कूलों में उन्नत सुविधाओं तक सीमित पहुँच होती है। नेपाल और बांग्लादेश: निकट और

सुविधाजनक घर के करीब होने की चाहत रखने वाले छात्रों के लिए, नेपाल और बांग्लादेश अंग्रेजी में किफायती चिकित्सा कार्यक्रम पेश करते हैं, जिसमें सामाजिक-सांस्कृतिक समानताएं उन्हें आकर्षक बनाती हैं। कम यात्रा दूरी छात्रों के लिए सुविधा बढ़ाती है। हालाँकि, नेपाल में चुनौतियों में स्थानीय भाषा सीखना और इंटर्नशिप के दौरान रोगी की सीमित देखभाल शामिल है। बांग्लादेश में, भीड़भाड़ वाले मेडिकल स्कूल सीखने के अनुभव को प्रभावित कर सकते हैं, और कुछ क्षेत्रों में कभी-कभार राजनीतिक अशांति के साथ-साथ रहने की स्थिति भी निम्न स्तर की होती है। कैरेबियन: एक बढ़ता हुआ विकल्प अमेरिका में उच्च प्रतिस्पर्धा या फीस से डरे हुए लोगों के लिए कैरेबियाई मेडिकल स्कूल तेजी से आकर्षक होते जा रहे हैं। ये संस्थान यूएस-आधारित पाठ्यक्रम का पालन करते हैं, जिससे छात्रों को यूएस, यूके और कनाडा के प्रतिष्ठित शिक्षण अस्पतालों में क्लिनिकल रोटेशन तक पहुंच प्राप्त होती है। यह एक्सपोज़र विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के भीतर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है, जिससे उनका चिकित्सा प्रशिक्षण समृद्ध होता है। कैरेबियाई मेडिकल स्कूल छोटे वर्ग के आकार की पेशकश करते हैं, व्यक्तिगत ध्यान और बेहतर छात्र-संकाय बातचीत को बढ़ावा देते हैं। कई स्कूल समर्पित यूएसएमएलई तैयारी प्रदान करते हैं, जिससे लाइसेंसिंग परीक्षाओं के लिए छात्रों की तैयारी बढ़ती है। स्नातक अक्सर मजबूत अमेरिकी रेजीडेंसी प्लेसमेंट का आनंद लेते हैंअवसर, उनके करियर की संभावनाओं को बढ़ाना। किफायती ट्यूशन, सीधे प्रवेश और कई वार्षिक प्रवेश के साथ, ये स्कूल अमेरिका में अभ्यास करने के इच्छुक चिकित्सा पेशेवरों के लिए एक आकर्षक विकल्प हैं। हालाँकि, छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करियर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए मान्यता प्राप्त और अच्छी तरह से स्थापित स्कूलों पर शोध करना चाहिए। अन्य उभरते गंतव्य जॉर्जिया और किर्गिस्तान जैसे देशों ने भी अपने अंग्रेजी-माध्यम कार्यक्रमों और किफायती ट्यूशन के कारण लोकप्रियता हासिल की है। हालाँकि, छात्रों को प्रतिबद्ध होने से पहले इन क्षेत्रों की भू-राजनीतिक स्थिरता का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना चाहिए। चिकित्सा शिक्षा के लिए सही देश चुनना किसी भी इच्छुक डॉक्टर के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। प्रत्येक देश अद्वितीय लाभ प्रदान करता है, और छात्रों को अपनी पसंद बनाने से पहले कारकों पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए।

घर आंगन सब सूने

विजय गर्ग

इन दिनों एक धारणा जोर पकड़ रही है कि 'ग्लोबल विलेज' या वसुधैव कुटुंबकम्-यानी धरती का हर कोना अपना है और हर मनुष्य का धरती के हर कोने में रहने का अधिकार है। पर इस बदलती हुई दुनिया की चकाचौंध ने आधुनिक मनुष्य को घर परिवार से तोड़ कर इस तरह से एक नया रोबोट और कंप्यूटर इंसान बना दिया है, जिसकी शायद पहले कभी कल्पना भी नहीं की गई थी । पिछले कुछ समय से 'डीप फेक' और 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' यानी कृत्रिम मेधा ने इसमें और इजाफा कर दिया है। दरअसल, अब इस नई दुनिया का नया इंसान एक दशक पहले तक के इंसान से बिल्कुल अलग है। आज लोगों की आदतें आचार, पसंद, उनका व्यवहार, पहनावा और खाना तक बदल रहा है। आने वाले दिनों में यह बदलाव की आंधी आज के मनुष्य को कहां लेकर जा रही है, वह अकल्पनीय और भयावह लगने लगा है।

आजकल एक तरफ भौतिकवाद की सुविधाओं से लैस नए उपभोक्ता - बाजार में भीड़ के बीच खो रहा सामाजिक ताना-बाना है और एक तरफ नितांत अकेले मनुष्य की त्रासदी का इस आभासी दुनिया में खुलता हुआ एक नया अध्याय है, जिसको हम आंखें मूंद कर अपना रहे हैं। भारत के विभिन्न प्रांतों में जिस तरह की स्थिति आज बनी हुई है, उसमें प्रवास का चलन इस पीढ़ी के लिए कोई नई बात नहीं है। सभी तरह की सीमाएं टूट रही हैं और घरों की परिभाषा भी अब बदल गई है। महानगरीय जिंदगी में गांव से पलायन ने रोजगार की इस ऊंची उड़ान के साथ-साथ सपनों के नए संसार का भविष्य बनाने के लिए इंसान को अकेला कर दिया है और नई पीढ़ी इसका शिकार और लुभावनेपन में अंतर नहीं कर पा रही है। अब लोगों ने पश्चिमी देशों के साथ-साथ सुदूर आस्ट्रेलिया - न्यूजीलैंड से लेकर मध्य पूर्व और फिलिपींस जैसे देशों में भी जाना शुरू कर दिया है, हालांकि यह भी सही है कि रोजगार के लिए आदमी कहां-कहां चला जाता है । आज केरल से लेकर पंजाब तक गांवों में पलायन से जिस तरह घर खाली हो रहे हैं, उसमें यह साफ दिखने लगा है कि अब घरों की मुंडेरों पर कौवे - कांव-कांव नहीं बोलते।

संत कबीर ने काफी पहले यह कहा था कि मन-मस्तिष्क में जब सूनापन आ जाए तो फिर प्रभु ही उस पर कृपा करता है। मगर आज यह किसकी कृपा है ? आज बदलते हुए हालात और चकाचौंध से भरी दुनिया में आगे बढ़ने और नए सपनों को साकार करने की यह एक ऐसी दौड़ है, जिसमें हमने अपना समाज, परिवार, घर, रिश्ते-नाते, दोस्ती और जल, जंगल, जमीन से ही कन्नी काट ली है। हम टूटे वीरान घरों की बात करते हैं, जहां अब दरवाजे पर ताले लटक रहे

हैं। कोई डाकिया ऐसे घरों और सुनसान उदास कर देने वाली गलियों में बांटने नहीं आता। ऐसे तमाम घर हैं, जिनमें बचे हुए वृद्ध मां- बाप खाली गलियों में और चौखट पर खड़े होकर मोबाइल की रोशनी में कभी-कभी वीडियो काल पर अपने बेटे-बेटियों और उनके बच्चों से बात करते हैं । वैराग्य और उदासी का यह आलम आंखों के आंसुओं को सोख रहा है और मानवीय त्रासदी के नए अध्याय को भी दुनिया के सामने खोल रहा है कि यह कैसी जिंदगी हमने इस सूनेपन की अवस्था में जीना शुरू कर दिया है। यह किस समाज की निशानी है ?

हमारे अपने देश की धरती, जिसमें भारतीयता की संस्कृति में एक अपनेपन की लय है, मन में प्रेम की गंगा बहती है, वहां से लोग रोजगार के लिए अन्य जगहों पर जाने के लिए मजबूर होते हैं, पर इस होड़ में पलायन कर गए युवा क्या कभी अपने घर लौट पाएंगे ? समंदर के किनारों से आने वाली ठंडी हवा और पांच नदियों से पंजाब का पानी उस विरह और उदासी को और गहरा कर चुका है जो शायद ही कभी खत्म होगी। यह भी सच है कि आने वाले दो दशकों में पूरे भारत का सामाजिक ताना- बाना जिस तरह से बदल जाएगा, उस तरह से धरती के भूभाग एक अलग पहचान के होंगे, जहां हमारी भाषा, बोलचाल और हमारा चेहरा- मोहरा बदल जाएगा, क्योंकि सदियों की विरासत से मिली-जुली संस्कृति अब खत्म होती लग रही है। राजनीतिक पार्टियां अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकतीं कि इस राजनीतिक शून्य को किस तरह नापा जाएगा और किस तरह से हम आने वाले दिनों में 'डीपफेक' और कृत्रिम बुद्धिमता की अनिवार्यता से बच पाएंगे।

समय का सच और समय की नब्ज टटोलते हुए कहा जा सकता है कि इन दिनों जिंदगी उस मोड़ पर पहुंच गई है, जहां धूप बेगानी है, पानी भी बेगाना है, रूह परदेसी हो गई है और आंखों में पानी सूख गया है, मुंडेरे सूनी हैं, हमारे खेत सूने हो रहे हैं और खाली पड़े आंगन में उगती हुई घास और मृत्यु का सामान दिखता माहौल किस खुशहाल देश की कामना करता है ? यह समाज जिस मोड़ पर पहुंच गया है, वहां घर, मकान, आंगन- सब सूने और मन भी सूना है। धरती, घर और मां को छोड़ना कितना मुश्किल है, यह उनसे पूछा जा सकता है, जो रहते तो विदेश में है, पर आंखों में हर समय भारत धड़कता है और दिल में घर का आंगन हर वक्त कुछ कहता है। दिल की बात भारतीयता की बात है। अभी भी बहुत कुछ नहीं गया है। लोग वापस लौटते हैं और पूरी दुनिया के फलक पर सीखा हुआ अपनी धरती पर दे देते हैं ।

सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शैक्षिक स्तंभकार स्ट्रीट कौर चांद एमएचआर मलोट पंजाब

शेयर बाजार से पैसे बनाना है? ये कमाल का फॉर्मूला अपनाइए

परिवहन विशेष न्यूज

पिछले कुछ समय में शेयर मार्केट में नए निवेशकों की तादाद काफी बाढ़ गई है। खासकर कोरोना महामारी के बाद से। इनमें से ज्यादातर नौजवान हैं जो स्टॉक मार्केट से रातोंरात अमीर बनने का सपना देखते हैं। यही वजह है कि वे जरूरत से ट्रेडिंग या इन्वेस्टमेंट करने लगते हैं जिसमें कई बार उनके पैसे भी डूब जाते हैं। वहीं शेयर मार्केट में पैसा लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट से बनता है।



नई दिल्ली। संकेत और शोर इलेक्ट्रॉनिक-इंजीनियरिंग की शब्दावली का हिस्सा हैं जो अब आम इस्तेमाल में आने लगे है, जिसमें निवेश की रिसर्च भी शामिल है। हालांकि, ऑनलाइन चर्चा के मंचों और दूसरी तरह की ऑनलाइन कम्युनिटी में, विषय से हटकर की जाने वाली पोस्ट और स्पैम को नाइस यानी शोर माना जाता है, जो उचित चर्चा के सिग्नल यानी संकेत में रुकावट डालता है।

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते समय, आप संगीत के पीछे एक धीरे-धीरे लगातार सुनाई देने वाला शोर सुन सकते हैं। निवेश की रिसर्च में, आप इस शोर को न्यूज, विचार, डेटा और एनालिसिस के तौर पर सुनते हैं। यह सुनने में तो प्रासंगिक लगते हैं लेकिन असल में भ्रामक होते हैं। आडियो उपकरणों में, सिग्नल-टू-नाइस अनुपात आमतौर पर एक प्रतिशत से बहुत कम होता है, जिसका मतलब है कि आप जो सुनते हैं वो लगभग प्योर, बिना मिलावट वाला सिग्नल है।

निवेश विश्लेषण में आप भाग्यशाली होंगे, अगर आपके पास 90 प्रतिशत से कम शोर हो। इसके कई कारण हैं, उनमें से कुछ प्रामाणिक हैं और कुछ कम प्रामाणिक। हालांकि, निवेश के विश्लेषण को जो अलग बनाता है, वो ये है कि अगर इसे उपयोगी होना है, तो हमें पूर्वानुमान और भविष्यवाणियां करने के लिए सिग्नल का इस्तेमाल करने की जरूरत है।

आखिरकार, अगर आप पिछले वित्तीय डेटा, निकाला गया अनुपात और प्रत्येक लिस्टेड कंपनी के स्टॉक का प्राइस चाहते हैं, तो आप उन्हें जीरो नाइस या शून्य शोर के साथ पा सकते हैं। ये शोर तब शुरू होता है, जब लोग इनका इस्तेमाल ये पता लगाने की कोशिश करने के लिए करते हैं कि भविष्य में उनका क्या मतलब होगा।

वास्तविक दुनिया के डेटा और सूचना में शोर की सार्वभौमिक विशेषताओं में से एक ये है कि जितना ज्यादा आप इसे करीब से देखते हैं, इसका असर उतना ही बुरा होता है। अगर आप मिनट-दर-मिनट स्टॉक की कीमतों को देखते हैं, तो ये लगभग पूरा का पूरा ही शोर है। उससे कोई रुझान निकालना असंभव है। हर रोज कीमतें देखना भी लगभग उतना ही खराब होता है। मासिक कीमतें थोड़ी बेहतर हैं। तिमाही कीमतें और भी बेहतर हैं। और वार्षिक कीमतें उससे भी बेहतर होती हैं। पूरी बात का निचोड़ इस तरह समझना आसान है।

लंबी अवधि में स्टॉक की कीमत या इंडेक्स की बढ़त के बारे में सोचें। मिसाल के तौर पर, सेंसेक्स पिछले बीस साल में 1,410 प्रतिशत बढ़ा है, जो 30 सितंबर 2004 को 5,584 से बढ़कर 30 सितंबर 2024 को 84,300 हो गया है। ये 14.5 प्रतिशत की सालाना दर है।

इन बीस सालों के दौरान, अगर आपने हर दिन सेंसेक्स में बदलाव को देखा होता, तो आपको इस बात का कोई अंदाजा नहीं होता कि लंबे समय में इसके बढ़ने की दर क्या थी। इस दौरान 4,962 कारोबारी दिन थे, जिनमें से 2,278 नेगेटिव और बाकी पॉजिटिव थे।

हर रोज के बदलावों के पैटर्न में, जब आप अगले दिन देखते हैं कि बाजार कहां जा रहा है, तो इसका मात्रात्मक अर्थ बहुत कम होता है। यहां पांच-साल की सीरीज है, जिसे सालाना रिटर्न के तौर पर व्यक्त किया गया है। 25.1, 9.2, 7.7, 16.9 प्रतिशत। केवल पांच साल की सीरीज में ही आपको कुछ समझ आता है कि सेंसेक्स असल में कहां जा रहा है। अगर आप पांच साल में केवल एक बार मार्केट को देखें, तो आपको ये चिंता नहीं होगी कि छोटी अवधि में उसमें क्या-क्या हुआ।

आपके लिए शोर लगभग होगा ही नहीं, केवल सिग्नल होगा। ये शोरगुल वाली जगह पर स्पीकर लगाकर म्यूजिक सुनने और नाइस-कैंसिलेशन वाले हेडफोन के जरिये संगीत सुनने के बीच का फर्क है। यही एक अच्छा इक्विटी निवेशक होने का मनोवैज्ञानिक आधार है, और यही वजह है कि हम कभी भी इस बात पर ध्यान नहीं देते कि छोटी अवधि में शेयरों में क्या हो रहा है।

दिवाली पर घर जाने वालों की मौज, 25 फीसदी तक सस्ता हुआ हवाई किराया

इस साल दिवाली पर हवाई किराया पिछले साल के मुकाबले काफी कम हुआ है। विमानन कंपनियों ने अपनी क्षमता का काफी विस्तार किया है। साथ ही तेल की कीमतों हालिया कटौती से भी एयरलाइन को हवाई किराया सस्ता करने में मदद मिली है। हवाई किराए में सबसे अधिक 38 प्रतिशत की गिरावट बेंगलुरु-कोलकाता उड़ान में आई है जो पिछले साल के 10195 रुपये से घटकर 6319 रुपये रह गई है।

नई दिल्ली। दिवाली के दौरान हवाई जहाज से घर जाना पिछले साल के मुकाबले सस्ता होगा। इसका बड़ा कारण यह है कि कई घरेलू मार्गों पर औसत हवाई किराये में पिछले साल की तुलना में 20-25 प्रतिशत की कमी आई है। दरअसल, बढ़ी हुई क्षमता और तेल की कीमतों में हाल ही में आई गिरावट को हवाई टिकट की कीमतों में गिरावट के कारकों में से एक माना जा रहा है।

ट्रैवल पोर्टल इक्सिगो द्वारा किए गए विश्लेषण से पता चला है कि घरेलू मार्गों पर औसत हवाई किराए में 20-25 प्रतिशत की गिरावट आई है। ये कीमतें 30 दिनों के अग्रिम खरीद तिथि के आधार पर एकतरफा औसत किराये की हैं। 2023 में यह समयावधि 10-16 नवंबर के बीच थी, जबकि इस साल यह 28 अक्टूबर-3 नवंबर है। यह दिवाली के आसपास का समय है।

बेंगलुरु-कोलकाता उड़ान सस्ती हुई

इस साल औसत हवाई किराए में सबसे अधिक 38 प्रतिशत की गिरावट बेंगलुरु-कोलकाता उड़ान के लिए दर्ज की गई, जो पिछले साल के 10,195 रुपये से घटकर 6,319 रुपये रह गई है। चेन्नई-कोलकाता मार्ग पर टिकट की कीमत 8,725 रुपये से 36 प्रतिशत घटकर 5,604 रुपये हो गई है। मुंबई-दिल्ली उड़ान के लिए औसत हवाई किराया 8,788 रुपये से 34 प्रतिशत घटकर 5,762 रुपये हो गया है।

इसी तरह, दिल्ली-उदयपुर मार्ग पर टिकट की कीमतों में 34 प्रतिशत की कमी आई है और यह 11,296 रुपये से 7,469 रुपये हो गई है। दिल्ली-कोलकाता, हैदराबाद-दिल्ली और दिल्ली-श्रीनगर मार्गों पर यह गिरावट 32 प्रतिशत है। पिछले साल दिवाली के आसपास हवाई किराए में सीमित क्षमता के कारण उछाल आया था, जो मुख्य रूप से गो फर्स्ट एयरलाइन के निलंबन के कारण हुआ था।

तेल के दाम में कमी का फायदा

किराये में कमी का दूसरा बड़ा कारण तेल की कीमतों में कमी आना है। इस साल तेल की कीमतों में 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे त्योहारी सीजन में यात्रियों को अधिक किफायती विकल्प मिल रहे हैं। हालांकि, वर्तमान में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के चलते तेल की कीमतें थोड़ी ऊपर की ओर हैं। इससे कुछ मार्गों पर हवाई किराये 34 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

अहमदाबाद-दिल्ली मार्ग पर टिकट की कीमत 6,533 रुपये से 34 प्रतिशत बढ़कर 8,758 रुपये हो गई है, जबकि मुंबई-देहरादून मार्ग पर यह 33 प्रतिशत बढ़कर 11,710 रुपये से 15,527 रुपये हो गई है।

दशहरा पर शुरू हुआ पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए पंजीकरण, जानें कैसे उठा सकते हैं लाभ

केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण ने बजट 2024 में युवाओं के हुनर को तराशने के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम का एलान किया था। इस स्कीम के तहत टाप 500 कंपनियों में अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को कुशल करने का लक्ष्य रखा गया है। मोदी सरकार की पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए पंजीकरण शनिवार को दशहरे के दिन से शुरू हो गया।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। इसी सिलसिले में मोदी सरकार की पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए पंजीकरण शनिवार को दशहरे के दिन से शुरू हो गया। योजना के तहत, प्रत्येक प्रशिक्षु या इंटर्न को हर महीने पांच हजार रुपये मिलेंगे।

सरकार से अतिरिक्त लाभ के रूप में छह हजार रुपये की एकमुश्त राशि भी मिलेगी।योजना के तहत कंपनियों के लिए पोर्टल शुरू किया गया है। अभ्यर्थियों के लिए शनिवार को पोर्टल पर पंजीकरण की शुरुआत हुई। अभ्यर्थी पोर्टल पर 25 अक्टूबर तक अपनी योग्यता और अन्य जानकारी अपलोड कर सकेंगे। पांच हजार रुपये के स्टाइपेंड में से 500 रुपये कंपनियां अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड से देंगी, और शेष 4,500 रुपये सरकार देगी।

योजना में लागू होंगे आरक्षण के नियम

इस योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण के नियम लागू होंगे। भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट फार स्पेस एप्लीकेशन एंड जियोइंफार्मेटिक्स (बीआईएसएजी) 27 अक्टूबर से सात नवंबर के बीच उम्मीदवारों को शार्टलिस्ट करेगा। शार्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार आठ नवंबर से 15 नवंबर के बीच इंटर्नशिप ऑफर पर फैसला कर सकते हैं।

इस पायलट प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 800 करोड़ रुपये है। 10वीं पास 21 और 24 वर्ष की आयु के युवा कर सकते हैं आवेदन इस योजना के लिए 21 और 24 वर्ष की आयु के युवा, जिन्होंने 10वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की है आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी के पास वैध प्रमाणपत्र और मार्कशीट होना चाहिए।

एक करोड़ युवाओं को होगा लाभ

इस योजना से अगले पांच वर्षों में लगभग एक करोड़ युवाओं को लाभ होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की थी। इस योजना की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता वास्तविक समाधान नहीं है। कौशल विकसित करना बेहतर विकल्प है।

वित्त एवं कंपनी मामले की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि यह पूरी तरह से इंटर्नशिप कार्यक्रम है। इसके तहत कोशिश होगी कि चयनित उम्मीदवारों को उनके अपने जिले या आसपास के जिले में ही प्रशिक्षण का मौका दिया जाए। इस पूरे कार्यक्रम को चलाने के लिए कंपनी मामले के मंत्रालय ने एक पोर्टल बनाया है और pminternship.mca.gov.in पर जाकर हर कोई उस पोर्टल तक पहुंच सकता है।

इन तीन नियमों का रखें ध्यान, नहीं तो सब्सिडी के पैसे वसूल लेगी सरकार

परिवहन विशेष न्यूज

केंद्र सरकार ने हाल ही अपनी महत्वाकांक्षी स्कीम- प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) का दूसरा चरण किया है। इसमें पात्र व्यक्तियों को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम (CLSS) के जरिए होम लोन पर रियायत मिलती है। इस घर खरीदारों को किफायती दर ब्याज मिलता है। लेकिन अगर आप कुछ शर्तों का उल्लंघन करते हैं तो सरकार आपसे सब्सिडी वापस भी ले सकती है। आइए जानते हैं पूरी खबर।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) केंद्र सरकार की सबसे क्रांतिकारी योजनाओं में से एक मानी जाती है। केंद्र ने पिछले साल 9 अगस्त को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 लॉन्च की थी। इसे पहले चरण की जोरदार सफलता के बाद लाया गया है।

इस योजना में सरकार जरूरतमंदों को घर बनवाने के लिए सब्सिडी देती है। यह क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी स्कीम (CLSS) होती है। इससे होम लोन चुकाने की लागत कम हो जाती है। लेकिन, अगर सब्सिडी का लाभ लेने वाला शख्स कुछ शर्तों को पूरा नहीं करता, तो उससे सब्सिडी वापस भी ली जा सकती है।

आइए जानते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और किन शर्तों को पूरा करने पर सब्सिडी के पैसे ब्याज समेत वापस करने पड़ सकते हैं।

कब वापस हो सकती है सब्सिडी?

सरकार का जोर है कि अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाएं। लेकिन, कुछ लोग जानबूझकर या मजबूरी में कुछ गलतियां करते हैं, जिससे क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी वापस जाने की स्थिति रहती है।

1. अगर कर्ज लेने वाला शख्स बैंक को समय पर कर्ज की किस्तें नहीं चुका पाता और लोन नॉन-परफॉर्मिंग असेट यानी NPA बन जाता है। इसका मतलब कि बैंक मान लेता है कि अब उसे ये लोन वाली रकम वापस नहीं मिलेगी। इस स्थिति में क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी वापस चली जाती है।

2. अगर किसी लाभार्थी को क्रेडिट सब्सिडी मिल चुकी है। उसने निर्माण भी शुरू कर दिया। लेकिन, किसी कारणवश वह निर्माण बंद करा देता है। इस सूरत में लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली सब्सिडी वाली रकम लौटानी पड़ेगी।

3. अगर लाभार्थी मकान के इस्तेमाल का सर्टिफिकेट नहीं जमा कराता, तब भी सरकार सब्सिडी वाली रकम वापस ले सकती है। इस सर्टिफिकेट को कर्ज की पहली किस्त बांटने की तारीख से एक साल से लेकर 36 महीनों के भीतर जमा करना होता है।

इन बातों का भी रखें ध्यान

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत परिवार को एक ही सब्सिडी मिलती है।
- एक परिवार में पति और पत्नी के साथ अविवाहित बच्चे शामिल होते हैं।
- आवेदक या उसके परिवार के नाम कोई पक्का मकान नहीं होना चाहिए।
- उसे किसी अन्य आवास योजना से घर के लिए सहायता नहीं मिली होनी चाहिए।

सब्सिडी खत्म होने पर क्या होता है?

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ब्याज सब्सिडी को लाभार्थी के लोन अकाउंट में एडवांस में दिया जाता है। इसका मतलब कि इसे होम लोन की शुरुआत में ही क्रेडिट किया जाता है। इससे प्रभावी हाउसिंग लोन की रकम और EMI कम हो जाती है। सब्सिडी खत्म होने के बाद लाभार्थी को मूल ब्याज दर पर लौटना पड़ता है, जिससे ईएमआई में इजाफा हो जाता है।

रिलायंस कब देगी बोनस शेयर, क्या दूसरी तिमाही के नतीजों के साथ होगा एलान?

परिवहन विशेष न्यूज

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज सोमवार को जुलाई-सितंबर तिमाही के नतीजों का एलान करेगी। इससे रिलायंस के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे। इससे पहले रिलायंस ने 11 के अनुपात में बोनस शेयर का भी एलान किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बोनस शेयर इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेटा का एलान भी 14 अक्टूबर को ही किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि बोनस शेयर की पूरी डिटेल।

नई दिल्ली। अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) सोमवार (14 अक्टूबर) को दूसरी तिमाही के नतीजों का एलान करेगी। रिलायंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बोर्ड 14 अक्टूबर को मीटिंग करेगा। इसमें वह जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही और अप्रैल-सितंबर 2024 छमाही के फाइनेंशियल रिजल्ट पर मुहर लगाएगा।

मुकेश अंबानी की RIL फिलहाल देश की सबसे ज्यादा वैल्यूएबल कंपनी है। बीएसई के डेटा के मुताबिक, रिलायंस का मार्केट कैप 18.55 लाख करोड़ रुपये है। इसके शेयर शुक्रवार (11 अक्टूबर) को बीएसई पर 2742.20 रुपये के भाव पर बंद हुए थे। कंपनी में जून 2024 के आखिर तक प्रमोटरों के पास 50.33 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। वहीं, FII के पास 21.75 फीसदी और DII के पास 17.30 फीसदी स्टेक था।

बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट अभी घोषित नहीं

रिलायंस इंडस्ट्रीज के बोर्ड ने 5 सितंबर को सालाना आम बैठक से पहले 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसक मतलब कि शेयरहोल्डर्स को प्रत्येक शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। रिलायंस ने अभी तक बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट का एलान नहीं किया है। माना जा रहा है कि इसका एलान भी 14 अक्टूबर को ही हो सकता है।

रिकॉर्ड डेट तक जिन लोगों के पास रिलायंस के शेयर होंगे यानी उनके नाम शेयरों के लाभार्थी मालिकों के तौर पर रजिस्टर ऑफ मेंबर्स ऑफ द कंपनी या डिपॉजिटरीज के रिकॉर्ड्स में होंगे। उन्हें बोनस बोनस शेयर मिलेगा। मुकेश अंबानी की रिलायंस 7 साल बाद बोनस शेयर देगी। इससे पहले कंपनी ने 2017 में भी 1:1 के रेशियो में शेयरधारकों को बोनस शेयर दिया था। रिलायंस ने साल 2009 में भी इसी अनुपात में बोनस शेयर दिया था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों का हाल

रिलायंस के शेयरों में पिछले कुछ समय से सुस्ती देखने को मिल रही है। शुक्रवार को रिलायंस के शेयर 0.25 फीसदी तेजी के साथ 2,749.00 रुपये पर बंद हुए थे। लेकिन, पिछले एक महीने के दौरान रिलायंस के शेयरों में 6.66 फीसदी की गिरावट आई है। पिछले 6 महीने का आंकड़ा देखें, तो भी निवेशकों को रिलायंस से 6.17 फीसदी का नेगेटिव रिटर्न मिला है। हालांकि, पिछले एक साल में रिलायंस के शेयरों में 17 फीसदी से अधिक का उछाल आया है।

शेयर बाजार के जानकारों का मानना है कि बोनस शेयर इश्यू और पश्चिमी एशिया में भूराजनीतिक तनाव घटने के साथ रिलायंस के शेयरों में तेजी आ सकती है। अगर दूसरी तिमाही में रिलायंस के नतीजे बेहतर रहते हैं, तो इसका असर भी कंपनी के शेयरों पर दिखेगा।

क्या होती है नो-कॉस्ट EMI? फेस्टिव सीजन में कैसे उठाएं इसका लाभ

इन दिनों शॉपिंग मॉल से लेकर Amazon Flipkart Jio Mart Myntra जैसे ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म तक पर फेस्टिव सीजन की धूम है। शॉपिंग प्लेटफॉर्म ग्राहकों को लुभाने के लिए बेहतरीन ऑफर दे रहे हैं। ग्राहकों को सबसे अधिक लुभा रहा नो-कॉस्ट ईएमआई। आइए जानते हैं कि नो-कॉस्ट ईएमआई क्या है और इसका लाभ उठाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

नई दिल्ली। प्लास्टिक मनी यानी क्रेडिट कार्ड अब पेमेंट के लिए ज्यादातर लोगों की पहली पसंद बन गए हैं। इसकी कई वजहें हैं। पहली तो क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल काफी सुविधाजनक है। इस पर रिवॉर्ड प्वाइंट भी मिलते हैं। साथ ही, फेस्टिव सीजन में क्रेडिट कार्ड से खरीद पर आकर्षक ऑफर मिलते हैं।

क्रेडिट कार्ड तीनों यानी खरीदार, शॉपिंग प्लेटफॉर्म और बैंक- के लिए फायदे का सौदा है। खरीदारों को अच्छी डील मिल जाती है। कंपनियों की बिक्री में इजाफा होता है। वहीं, क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक या वित्तीय संस्थान का ट्रांजैक्शन भी बढ़ जाता है। लेकिन, क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करत वक्त कुछ बातों का जरूर ध्यान रखना चाहिए।

कैसे करें क्रेडिट कार्ड का यूज

क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते समय पहली प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि बिल का भुगतान हमेशा समय पर हो। इससे आप भारी-भरकम ब्याज और लेट पेनल्टी चुकाने से बच जाएंगे। साथ ही, अगर आप फ्रिज या वॉशिंग मशीन लेना चाहते हैं और एकसाथ पैसे चुकाने की स्थिति में नहीं हैं, तो आपको नो-कॉस्ट EMI का इस्तेमाल करना चाहिए।

क्या होती है नो-कॉस्ट EMI

नो-कॉस्ट EMI में आपको बिना ब्याज के EMI पर पैसे देने की सुविधा मिलती है। हालांकि, ब्याज अमूमन उस कीमत में ही शामिल होता है, जो ब्रांड ऑफर करता है। मिसाल के लिए, आप 30 हजार की वॉशिंग मशीन नो-कॉस्ट EMI पर खरीद रहे हैं। इसमें हो सकता है कि रिटेलर ने ब्याज की रकम पहले ही आपको दिए जाने वाले ऑफर में शामिल कर ली है। लेकिन, ब्याज अब भी लागू होगा, जिससे आपकी मासिक किस्तों में मामूली इजाफा होगा।

किन प्रोडक्ट पर नो-कॉस्ट EMI

नो-कॉस्ट EMI की सुविधा फाइनेंस कंपनियां ज्यादातर इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर और गैजेट जैसी महंगे वस्तुओं देती हैं। इसमें आपको अपने पेमेंट को 6-9 महीनों में चुकाने की सहूलियत मिलती है। इससे आप अपने बजट से बाहर जाए बगैर त्योहारी सीजन में पसंदीदा चीजों की खरीद कर सकते हैं। यह क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट कंज्यूमर्स को बिना ब्याज बड़े खर्चों को छोटी किश्तों में बांटने का आसान तरीका है। पार्टनर मर्चेंट यह विकल्प देते हैं।

नो-कॉस्ट EMI का यूज जिम्मेदारी से

आपको नो-कॉस्ट EMI का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करना चाहिए। नो-कॉस्ट EMI के लालच में आपको गैर-जरूरी चीजें खरीदने से बचना चाहिए। यह हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि क्रेडिट कार्ड से खर्च किया जाने वाला पैसा भी कर्ज ही है, जिसे आपको समय पर चुकाना पड़ता है। नहीं तो आपको क्रेडिट स्कोर खराब हो सकता है और भविष्य में आपको किसी भी वित्तीय संस्थान से कर्ज लेने में दिक्कत हो सकती है।

क्रेडिट कार्ड को ऐसे करें मैनेज

- नो-कॉस्ट EMI की सुविधा का लाभ लेने के लिए शर्तों को अच्छे से समझें।
- प्रोडक्ट की कीमत में शामिल एक्स्ट्रा या हिडेन कॉस्ट को भी चेक करें।
- अगर EMI आपके मासिक बजट में फिट हो, तभी शॉपिंग करनी चाहिए।
- आपकी सारी EMI कभी भी इन-हैंड इनकम के 40 फीसदी से ज्यादा न हों।

ट्रेनें हुई फुल तो आसमान छूने लगा हवाई किराया, दोगुने से ज्यादा में मिल रहा फ्लाइट का टिकट

त्योहारों के मौसम में ट्रेन और हवाई जहाज का सफर महंगा हो गया है। दिल्ली से वाराणसी पटना दरभंगा और रांची जाने वाली ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है। वहीं विमान किराया भी आसमान छू रहा है। दिल्ली से दरभंगा का किराया 16 हजार रुपये तक पहुंच गया है। विमानों का किराया दोगुने से ज्यादा पहुंच गया है।

परिवहन विशेष न्यूज

नई दिल्ली। त्योहारी मौसम में रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा के बाद भी लोगों को कन्फर्म टिकट नहीं मिल रही है। राजधानी, गरीब रथ, वंदेभारत समेत कई रेलगाड़ियों में टिकट के दाम बढ़ गए हैं। बावजूद इसके कन्फर्म टिकट नहीं मिल रही है। मिल भी रही तो टिकट की वेटिंग 100 से अधिक है, जिसके कंफर्म होने की संभावनाएं न के बराबर ही है।

ऐसे में विमान कंपनियों ने दीपावली और छठ को देखते हुए किराया बढ़ा दिया है। 16 हजार रुपये तक फ्लाइट की टिकट दरभंगा की मिल रही है। रांची और और वाराणसी की टिकट छह हजार रुपये से लेकर 11 हजार रुपये तक मिल रही है।

त्योंहारों के लिए चलाई स्पेशल ट्रेनें भी फुल

120 दिन पहले ट्रेन की टिकट बुक कराने की व्यवस्था है। त्योहारों को देखते हुए लोगों ने पहले ही टिकट की बुकिंग करा ली। वहीं, जो भी रेलवे ने विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की उनमें भी ट्रेन की घोषणा होते ही कुछ ही घंटों में बुकिंग पूरी हो गई। इसलिए ट्रेन में जो वेटिंग टिकट मिल रही है वह भी महंगी है।

रेलवे के नियमानुसार राजधानी, शताब्दी, वंदेभारत और हफसफर में मांग ज्यादा होने पर ट्रेन के किराये में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी की जाती है।

विमानों के किराए में भारी उछाल

उल्लेखनीय है कि मांग और आपूर्ति से जुड़ा नियम इन दिनों विमान किराये के बाजार पर पूरी तरह लागू होता नजर आता है। त्योहारी मौसम में अधिक से अधिक लोग जल्द से जल्द अपने घर पहुंचने की चाह रखते हैं। जैसे ही मांग बढ़ी, बाजार में विमान किराए में भारी उछाल की स्थिति आ चुकी है।

दोगुने से ज्यादा हुआ फ्लाइट किराया

दिल्ली से दरभंगा का विमान किराया आमतौर से पांच से छह हजार के आसपास रहता है। लेकिन, दीपावली पर दरभंगा जानेवालों की तादाद तेजी से बढ़ने की संभावना को देखते हुए इसका किराया

एकाएक बढ़ा दिया गया है। 22 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच के किराया पर गौर करें तो 26 अक्टूबर को किराया 10 हजार की सीमा को लांघकर करीब 13 हजार तक पहुंच गया।

30 अक्टूबर को दिल्ली से पटना का किराया आसमान छूता हुआ 13 हजार की सीमा को लांघ गया। तीन से पांच नवंबर के बीच कोई भी दिन ऐसा नहीं है जब किराया नौ हजार से कम हो।

दिल्ली-पटना की फ्लाइट्स भी महंगी

इसी तरह दिल्ली से पटना के बीच की दूरी विमान से तय करने की चाह रखने वाले त्योहारी मौसम अपनी जेब ढीली रखने के लिए तैयार रहें। दिल्ली से पटना का किराया करीब साढ़े चार से पांच हजार के बीच रहता है, लेकिन 22 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच कई दिन ऐसा भी है जहां दिल्ली से पटना के बीच का किराया 12 हजार की सीमा को लांघता नजर आता है।

इस बीच किराया न्यूनतम छह हजार से लेकिन कभी आठ, कभी नौ तो कभी 12 हजार के आसपास है। झारखंड की राजधानी रांची की बात करें तो रांची का किराया 24 अक्टूबर को सात हजार, 29 अक्टूबर को 10 हजार व 30 अक्टूबर को 11 हजार को पार करता नजर आता है। सामान्य तौर पर दिल्ली से रांची के बीच का किराया करीब साढ़े चार हजार रहता है

दिल्ली से हवाई जहाज का किराया

तारख	वाराणसी	पटना	दरभंगा	रांची
30 अक्टूबर	6093	13943	15703	11307
31 अक्टूबर	6673	10993	13602	8578
1 नंवबर6201	9103	15702	7738	
2 नवंबर	6094	11466	14600	8577
3 नवंबर	6253	12411	16910	8577
4 नवंबर	6094	9943	16910	8051
5 नंवबर	6253	9103	16343	6477

'क्रांतिकारी बदलाव लाने वाली पहल है पीएम गतिशक्ति', पीएम मोदी ने बताया, इससे किस तरह मिली देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को रफ्तार?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरी है। इस पहल से विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हो रहा है। पीएमजीएस-एनएमपी की शुरुआत 13 अक्टूबर 2021 को विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-माडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए की गई थी।

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरी है। इस पहल से विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हो रहा है।

पीएमजीएस-एनएमपी की शुरुआत 13 अक्टूबर, 2021 को विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों

को मल्टी-माडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए की गई थी। पीएम गतिशक्ति आर्थिक वृद्धि और सतत विकास के लिए एक परिवर्तनकारी पहल है जो सात इंजनों- रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और लाजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा संचालित है।

'विकसित भारत के सपने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा भारत'

मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान ने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है। बिना किसी बाधा के विभिन्न हितधारकों को साथ लाने से लाजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर पैदा हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति के कारण विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

मोदी ने पीयूष गोयल की पोस्ट को भी किया टैग

मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की पोस्ट को भी टैग किया। गोयल ने तीन वर्ष पूरे होने पर गतिशक्ति पहल की सराहना की थी। गोयल ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मल्टीमाडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान की शुरुआत के तीन वर्ष पूरे हो गए हैं।

लाजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करके और कनेक्टिविटी को बढ़ाकर यह अग्रणी पहल परियोजनाओं का तेजी से और अधिक कुशल कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है।' उन्होंने कहा कि यह पहल आधुनिक व परस्पर जुड़े हुए बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने और विकसित भारत के निर्माण के विजन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

मुख्यमंत्री मोहन माझी ने कटक में करीब 40 पूजा मंडपों का दौरा किया

मनोरंजन सासमल , स्टेट हेड ऑडिशा

भुबनेश्वर: मुख्यमंत्री श्री मोहन चरण माझी ने आज ओडिशा की सांस्कृतिक राजधानी कटक में विभिन्न पूजा मंडपों का दौरा किया।कटक के लोगों की दयालुता और भाईचारे से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री ने कटक के लोगों को धन्यवाद दिया और रूढ़िवादी पहचान और संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की दिशा में उनके प्रयासों की सराहना की।मुख्यमंत्री ने राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए माता से आशीर्वाद मांगा और राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सरकार नया ओडिशा बनाने का विचार लेकर आई है. राज्य सरकार 1000 वर्षों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए कटक के सर्वांगीण विकास के साथ कटक को स्मार्ट सिटी बनाने और कटक-भुवनेश्वर को जुड़वां शहर के रूप में विकसित करने के प्रयास कर रही है।

आने वाले दिनों में ओडिशा एक विकसित ओडिशा होगा, एक समृद्ध ओडिशा होगा। विकास की ये यात्रा कटक से शुरू होगी। यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी ओडिशा से प्यार करते हैं और

उनका लक्ष्य पूर्व का विकास करना है।

प्रतापनगरी में सबसे पहले दुर्गमों का दौरा करने के बाद, मुख्यमंत्री ने चौलवागंज, शिखरपुर, जोबरा, क्वीनहाट, कॉलेज स्ट्रीट, छत्रबाजार, मधुपटना, खाननगर, पीटापुर, झोलासाही, दरघाबाजार, चौधरी बाजार, चंदिनीचौक, तुत्सीपुर, सीडीए सेक्टर 6 और सहित लगभग 40 दुर्गमों का दौरा किया। 7, विदानासी, माता मठ ।

11 राज्य, छह देशों में फैला लॉरेंस का साम्राज्य, पुलिस और एजेंसियां नाकाम; हाई-प्रोफाइल मर्डर केस में जुड़ता है नाम

केंद्रीय एजेंसियों को शक है भारत के 11 बड़े शहरों व छह देशों में लॉरेंस बिश्नोई मजबूत पकड़ बना चुका है। उसके गैंगस्टर इन जगहों पर सक्रिय हैं। अलग-अलग राज्यों व देशों की कमान लॉरेंस के अलग-अलग साथी गैंगस्टर संभाल रहे हैं। लॉरेंस गिरोह के इंटरनेट मीडिया विंग को हैंडल करने वाले गुर्गे फेसबुक व इंस्टाग्राम पेज आदि के जरिये युवाओं को लालच देकर गिरोह में भर्ती कर रहे हैं।

नई दिल्ली। हाल के वर्षों में देश के हर बड़े शहरों में हो रही हाई प्रोफाइल लोगों की हत्या के मामले में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का नाम जुड़ने से यह बात साफ हो गई कि उसका साम्राज्य अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की तरह तेजी से फैलता जा रहा है। राज्यों की पुलिस व केंद्रीय एजेंसियां इसके बढ़ते आतंक पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही हैं।

मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग कराने से लेकर यूपी के माफिया अतीक अहमद व अशरफ की हत्या कराने, पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या कराने व दिल्ली में जिम संचालक नादिर शाह की हत्या कराने के बाद अब महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री व राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में भी लॉरेंस का नाम जुड़ने से पुलिस व केंद्रीय एजेंसियों के अलावा सरकार पर भी सवाल उठने लगे हैं।

मुंबई में भी पैर फैलाना किए शुरू

एजेंसियों की मानें तो दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के बाद लॉरेंस अब आर्थिक नगरी मुंबई में भी अपने पैर फैलाना शुरू कर चुका है, ताकि दाऊद के बचे-खुचे वर्चस्व को खत्म कर वहां रंगदारी रैकेट चला सके। बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे जांच एजेंसियों का कहना है कि लॉरेंस ने दाऊद व सलमान खान के करीबियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

सिद्दीकी हत्याकांड में लॉरेंस से होगी पूछताछ

सिद्दीकी की हत्या के पीछे सलमान से उनकी नजदीकी कारण बनी या किसी मसले को लेकर निजी दुश्मनी व अन्य विवाद इसकी जांच के लिए स्पेशल सेल के साथ मुंबई पुलिस गुजरात के साबरमती जेल में बंद लॉरेंस से संयुक्त रूप से पूछताछ करेगी। क्योंकि मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो शूटर्स ने लॉरेंस के गुर्गे होने का दावा किया है।

खुली सेल में रहता है लॉरेंस

स्पेशल सूत्रों की मानें तो साबरमती जेल के जिस सेल में लॉरेंस को रखा गया है, वह खुली सेल है जिसमें गार्डन भी बना है। जहां वह अकेला घूमता रहता है। ऐसी सुविधाएं क्यों यह भी एक बड़ा सवाल है।

इन राज्यों और देशों में फैला साम्राज्य

पुलिस व जांच जांच एजेंसियों की विफलता ही कहा जाए कि एक दशक में देश के नए डॉन लॉरेंस ने अपने जुर्म का साम्राज्य भारत के 11 राज्यों व विदेश के छह देशों तक फैला लिया है। दिल्ली, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, बंगाल, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, झारखंड व गुजरात के अलावा कनाडा, यूएसए, अजरबैजान, पुर्तगाल, यूएई व रशिया में लॉरेंस व

गोल्डी बराड़ के गुर्गे कई वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

कैसे चलता है लॉरेंस का गैंग

एजेंसियों की मानें तो कनाडा, पंजाब व दिल्ली की कमान लॉरेंस व गोल्डी संभाल रहे हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश व यूएसए की कमान लॉरेंस के गठजोड़ वाले राजस्थान का गैंगस्टर रोहित गोदारा, पुर्तगाल, यूएई, दिल्ली-एनसीआर, महाराष्ट्र, बिहार, बंगाल की कमान लॉरेंस का भाई अनमोल बिश्नोई के पास है। हरियाणा व उत्तराखंड की कमान काला जठेड़ी के पास है। लेकिन, सभी हर मसले की रिपोर्ट लॉरेंस को करते हैं।

इंटनरेट के जरिए गुर्गे तलाशते हैं युवाओं को

स्पेशल सेल सूत्रों की मानें तो लॉरेंस ने अपना इंटरनेट मीडिया विंग बना रखा है। इस विंग को हैंडल करने वाले दर्जनों गुर्गों ने दुर्लभ कश्यप नाम से फेसबुक व इंस्टाग्राम पेज बना रखा है, जिसके जरिये गुर्गे ऑनलाइन भर्ती के लिए ऐसे युवाओं की तलाश करते हैं जो लालच में आकर गिरोह में भर्ती होना चाहते हैं।

वफादारी का मांगा जाता है सबूत

गिरोह में शामिल होने वाले युवाओं का ब्रेनवॉश कर गुर्गे उन्हें अत्याधुनिक हथियार व वाहन मुहैया कराने के बाद उन्हें पहले वफादारी का सुबूत देने के लिए कहा जाता है और काम देकर उनसे बड़ी-बड़ी वारदातें कराई जाती हैं, ताकि पकड़े व मारे जाने पर लॉरेंस का नाम न आ पाए।

एक समय में बोलती थी दुर्लभ कश्यप की तूती

मध्यप्रदेश के मालवा में वर्षों पूर्व देश के सबसे कम उम्र का खूंखार गैंगस्टर दुर्लभ कश्यप की तूती बोलती थी। उसकी अपनी उम्र से ज्यादा लंबी जुर्म की फेहरिस्त थी। दुर्लभ कश्यप और उसके गिरोह के सदस्य आंखों में सुरमा (काजल), माथे पर लाल तिलक और कंधे पर गमछा डालकर चलते थे। गिरोह का नारा था महाकाल। बिल्कुल उसी तर्ज पर लॉरेंस का नारा है जय बलकारी।

गैंगवार में मारा गया दुर्लभ

2001 में पैदा हुआ दुर्लभ महज 20 साल की उम्र में 2020 में उज्जैन में अपने विरोधी गिरोह रमीज के साथ गैंगवार में मारा गया। लेकिन, इंटरनेट मीडिया पर दुर्लभ कश्यप आज तक जिंदा है। उस समय भी दुर्लभ कश्यप से प्रभावित होकर नाबालिग और युवा उसके गिरोह में शामिल होकर बड़े गुंडे बनना चाहते थे। बिल्कुल उसी तर्ज पर अब नाबालिग व युवा लॉरेंस से जुड़ते जा रहे हैं, लेकिन सरकार व पुलिस इस पर अंकुश नहीं लगा पा रही है।

गरीबी व शिक्षा के अभाव में युवाओं को अपराध के रास्ते पर जाने से रोकने के लिए राज्यों की पुलिस कागजों में तो बहुत सारी योजनाएं चलाती है, लेकिन इसका कोई फायदा देखने को नहीं मिल रहा है। युवा लगातार जुर्म की अंधेरी दुनिया में प्रवेश कर रहे हैं।

आयुष्मान भारत में और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की तैयारी! जानिए क्या होंगे लाभ

यह एक आवेदन आधारित योजना है और लोगों को पीएमजेएवाइ पोर्टल या आयुष्मान एप पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जिन लोगों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है उन्हें नए कार्ड के लिए दोबारा आवेदन करना होगा और अपना ईकेवाईसी दोबारा पूरा करना होगा। 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं।

नई दिल्ली। सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज शुरू करने की तैयारी के बीच आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की कार्यान्वयन एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) बुजुर्गों के लिए और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता का आकलन कर रहा है।

अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की तैयारी

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विस्तारित योजना इस माह के अंत तक शुरू होने की संभावना है। इससे लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के छह करोड़ नागरिकों को लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य लाभ पैकेज पर निर्णय लेने वाली समिति और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श कर रही है, जो विशेष रूप से वृद्धावस्था देखभाल से संबंधित हैं। योजना के शुरू होने के बाद ऐसे लाभार्थियों

की संख्या बढ़ जाएगी।

किस-किसको मिलेगा लाभ

यह योजना वर्तमान में व्यापक कवरेज प्रदान करती है, जिसमें सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, कैंसर और हृदयरोग जैसी 27 चिकित्सा विशेषज्ञताओं में 1,949 चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं।

लाभार्थियों को अस्पताल की सेवाएं, दवाएं (अस्पताल से छुट्टी के बाद 15 दिनों की दवाइयां), डायग्नोस्टिक सुविधाएं (भर्ती से तीन दिन पहले तक), भोजन और आवास सेवाएं मुफ्त प्रदान की जाती हैं।

अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अस्पतालों में भर्ती भी वर्तमान योजना के अंतर्गत आती है। चाहे वह गरीब हो, मध्यम वर्ग हो, उच्च-मध्यम वर्ग हो या अमीर।

70 वर्ष या उससे अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने और विस्तारित योजना शुरू होने पर आयुष्मान भारत सूची वाले किसी भी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए पात्र होगा।

दिल्ली, ओडिशा और बंगाल योजना नहीं लागू

एक सितंबर तक 12,696 निजी अस्पतालों सहित कुल 29,648 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया था, जिसे 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जा रहा है। वर्तमान में दिल्ली, ओडिशा और बंगाल में यह योजना लागू नहीं है। आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए पात्र होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक संजय कुमार बाटला द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-18,19,20 सेक्टर 59, नोएडा (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं 3, प्रियदर्शनी अपार्टमेंट ए-4, पश्चिमी विहार, नई दिल्ली- 110063 से प्रकाशित। सम्पर्क : 9212122095, 9811902095. newstransportvishesh@gmail.com
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी) किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली के न्यायालय के अधीन होंगे। RNI No :- DELHIN/2023/86499. DCP Licensing Number F.2 (P-2) Press/2023